पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 168

ग्वालियर, शनिवार, 7 अगस्त, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

वन-टू-वन

जम्मू-कश्मीर सांबा में दिखाई दिया ड्रोन, तलाशी के दौरान भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद

श्रीनगर(ए)। जम्मू-कश्मीर सांबा में शुक्रवार की सुबह अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास ड्रोन गतिविधि देखी गई। भारतीय सेना के पश्चिमी कमान ने कहा कि क्षेत्र की खोज के दौरान हथियार और गोला-बारूद बरामद हुई। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस और सेना ने सारथियान सीमावर्ती गांव में तलाशी अभियान चलाया। तलाशी के दौरान एक बोरे में दो पिस्तौल, पांच मैगजीन और 122 कारतूस बरामद हुए। उन्होंने कहा कि हथियार संभवतः सीमा पार से एक ड्रोन द्वारा गिराए गए थे। हालांकि,मामले की आगे की जांच जारी है। पुंछ जिले के बालनोई इलाके में एक भेड़ फार्म के पास शुरू हुए ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा बलों ने दो वायरलेस संचार सेट, बैटरी और कुछ मशालें भी बरामद कीं।

पोरायर में बस में लगी आग, सवार करीब 30 यात्री हादसे में बचे

मयिलादुथुराई (ए)। तमिलनाडु के मयिलादुथुराई जिले में पोरायर में बस में शुक्रवार सुबह आग लग गई, हालांकि बस में सवार करीब 30 यात्री हादसे में बच गए। पुडुचेरी सड़क परिवहन निगम (पीआरटीसी) की बस मयिलादुथुराई से 30 यात्रियों के साथ कराईकल जा रही थी,तभी रास्ते में यह घटना हुई। पुलिस ने बताया कि आग लगने से कुछ मिनटों पहले ही बस पोरयार बस अड्डे से निकली थी। बस चालक ने अचानक से इंजन से धुए का गुबार उठता देखकर बस सड़क के किनारे रोक दी। सभी यात्री और चालक दल के सदस्य तुरंत बस से उतर गए। पोरयार अग्निशामक केंद्र से दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचकर आग बुझाई गई। बस के आगे का पूरा हिस्सा आग में जलकर खाक हो गया। पुलिस ने बताया कि घटना में कोई भी हताहत नहीं हुआ।

खेल रत्न पुरुस्कार का नाम मेजर ध्यानचंद किया जाना जनता को गौरवान्वित करने वाला निर्णय : विष्णुदत्त शर्मा

भोपाल। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने खेल के क्षेत्र में दिए जाने वाले भारत के प्रतिष्ठित खेल रत्न पुरस्कार का नाम मेजर ध्यानचंद के नाम पर किये जाने पर प्रदेश की जनता की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को धन्यवाद दिया है। श्री शर्मा ने कहा कि हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद ने विश्व पटल पर भारत को कई बार गौरवांवित किया है। जनभावनाओं के अनुरूप उनके नाम पर खेल रत्न पुरस्कार करने का निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लिया है वह स्वागत योग्य है। उन्होंने कहा कि आज जब भारतीय हॉकी टीम 41 वर्ष बाद ओलंपिक में पदक लेकर आई है तो खेल रत्न का नाम बदलकर मेजर ध्यानचंद खेल रत्न रखने का यह निर्णय जनता को और भी गौरवान्वित करने वाला है।

हॉकी के मेजर को मिला सम्मान

खेल रत्न पुरस्कार से अब यह ध्यानचंद के नाम से दिया जाएगा

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र सरकार ने शुक्रवार को खेल से जुड़ा बड़ा फैसला लिया है। राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार का नाम बदलकर मेजर ध्यानचंद खेल रत्न अवॉर्ड कर दिया गया है। मोदी ने इस फैसला का ऐलान करते हुए कहा कि ये अवॉर्ड हमारे देश की जनता की भावनाओं का सम्मान करेगा। राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार भारतीय खेलों का सर्वोच्च पुरस्कार है। सरकार ने 1991-92 में इस पुरस्कार की शुरुआत की थी। इसे जीतने वाले खिलाड़ी को प्रशस्ति पत्र, अवॉर्ड और 25 लाख रुपए की राशि दी जाती है। सबसे पहला खेल रत्न पुरस्कार पहले भारतीय ग्रैंड मास्टर विश्वनाथन आनंद को दिया गया था। अब तक 45 लोगों को ये अवॉर्ड दिया जा चुका है। हाल में क्रिकेटर रोहित शर्मा, पैरालंपियन हाई जम्पर मरियप्पन थंगवेलु, टेबल टेनिस प्लेयर मनिका बत्रा, रेसलर विनेश फोगाट को ये अवॉर्ड दिया गया है।

मेजर ध्यानचंद का जन्म 29 अगस्त 1905 को प्रयागराज में हुआ था। भारत में यह दिन राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है।

ध्यानचंद ने सिर्फ 16 साल की उम्र में भारतीय सेना जॉइन कर ली थी। वे ड्यूटी के बाद चांद की रोशनी में हॉकी की प्रैक्टिस करते थे, इसलिए उन्हें ध्यानचंद कहा जाने लगा। उनके खेल की बदौलत ही भारत ने 1928, 1932 और 1936 के ओलिंपिक में गोल्ड मेडल जीता था। 1928 में एम्सटर्डम ओलिंपिक में उन्होंने सबसे ज्यादा 14 गोल किए। तब एक स्थानीय अखबार ने लिखा, 'यह हॉकी नहीं, जादू था और ध्यानचंद हॉकी के जादूगर हैं।' तभी से उन्हें हॉकी का जादूगर कहा जाने लगा।

टोक्यो आलंपिक 2021

हार कर भी दिल जीत गईं बेटियां

टोक्यों, एजेंसी

टोक्यो ओलिंपिक में भारतीय महिला हॉकी टीम ब्रॉन्ज मेडल मैच में ग्रेट ब्रिटेन से हार गई है। ब्रिटेन ने भारत को 4-3 से हराया। भारतीय टीम ने दूसरे क्वार्टर में 3-2 की बढ़त बना ली थी, लेकिन इस बढ़त को टीम कायम नहीं रख सकी। वहीं, टीम की हार से खिलाड़ियों के परिवार मायूस नहीं हैं, बल्कि बेटियों के प्रदर्शन से संतुष्ट हैं। उन्हें शानदार खेल के लिए शाबाशी दे रहे हैं।

पहले क्वार्टर में मुकाबला 0-0 की बराबरी पर रहा। दूसरे क्वार्टर में ब्रिटेन ने दो गोल किए। पहले क्वार्टर में ब्रिटेन को दो पेनल्टी कॉर्नर मिले, पर भारतीय गोलकीपर सविता पूनिया ने दोनों को बेकार कर दिया। ब्रिटेन की एली रायर ने 16वें मिनट और सारा रॉबर्टसन ने 24वें मिनट में गोल कर ब्रिटेन को 2-0 की बढ़त दिला दी।

2-0 से पिछड़ने के बाद भारतीय टीम ने दूसरे क्वार्टर में ही जबरदस्त वापसी की और 4 मिनट के अंदर 3 गोल दागे। गुरजीत कौर ने 25वें और 26वें मिनट में गोलकर पहले स्कोर 2-2 से बराबर किया। वंदना कटारिया ने 29वें मिनट में गोलकर टीम इंडिया को 3-2 की लीड दिला दी।

तीसरे क्वार्टर में ब्रिटेन की पियर्ने वेब ने 35वें मिनट में गोल कर स्कोर 3-3 से

बराबर कर दिया था। चौथे और आखिरी क्वार्टर में ब्रिटेन ने चौथा गोल दागकर 4-3 की बढ़त बना ली है। 48वें मिनट में बाल्सडन ने गोल दागा। ब्रिटेन ने आखिर तक यह बढ़त बनाए रखी और मैच जीत लिया।

इस हार को मैं हार नहीं कहूंगा। बेटियों का प्रदर्शन स्वागत योग्य है। बेटियां ने मैदान पर खूब पसीना बहाया है। वे यहां तक पहुंची, बहुत बड़ी बात है। इस खेल को देखने के बाद बेटियों को कुछ कहना, मुश्किल है। ऐसा खेल देखकर तो खिलाड़ियों का स्वागत करना बनता है। भले ही टीम मेडल से चूक गई, पर इसे हम हार नहीं कह सकते। कई दिग्गज टीमों को हराने के बाद लौट रहीं खिलाड़ियों का स्वागत होना चाहिए। हमें बेटियों पर नाज है। मेडल की कसर वे आगे भविष्य में पूरा कर देंगी। ऐसा तो नहीं कि यह आखिरी ओलिंपिक है।

हार से ड्रैग फ्लिकर गुरजीत कौर के घर में मायूसी छा गई है। पिता और भाई टीवी के आगे से उठकर अंदर चले गए। गुरजीत कौर की मां हरजिंदर कौर घर में इकट्?ठे हुए लोगों को चाय नाश्ता कराने में व्यस्त थीं तो उन्होंने बीच में मैच के बारे में पूछने पर कहा कि जो हुआ, रब की मर्जी है। टीम शानदार खेली। गुरजीत ने दो गोल किए। हर खिलाड़ी बस अच्छा खेल दिखाने के लिए ही मैदान में उतरता है। मुकाबले में या तो हार होती है या जीत तो कोई बात नहीं, अगली बार बेटियां मेडल जरूर लेकर आएंगी।

नवनीत के पिता बूटा सिंह का कहना है कि चारों क्वार्टर मैचों में एक भी मैच ऐसा नहीं था, जब दोनों टीमों ने अपना प्रदर्शन न किया हो। भारतीय टीम डटकर खेली, ब्रिटेन की बेटियों ने भी अच्छा खेला। दोनों टीमों ने हर पॉइंट बारीकी से देखा। मेहनत के बाद मिली हार के कारण ही मैदान के बीच में बेटियां रो पड़ीं, लेकिन हमें अच्छा नहीं लगा। खिलाड़ियों के रोने से पता चलता है कि उन्होंने कितनी मेहनत की होगी। उन्हें तो यहां तक पहुंचने और शानदार प्रदर्शन से खुश होना चाहिए। प्रतियोगिता है, हार या जीत ही होती है। एक जीतेगा, दूसरा हारेगा। नवजोत कौर के पिता सतनाम सिंह का कहना है कि आज पूरा देश बेटियों के साथ मैदान पर रहा। सभी को जीत की उम्मीद अंतिम क्षण तक थी। स्थिति ऐसी रही कि वे बैठकर मैच नहीं देख पाए। कभी बाहर जाते तो कभी टीवी के सामने बैठ जाते। एक गोल पर उम्मीद जीत की बनी तो ब्रिटेन के गोल से चिंता शुरू हो जाती। होना तो वही था, जो रब को मंजूर था। हार-जीत तो गेम का एक पहलू है। इस मैच में खिलाड़ियों का तालमेल, मेहनत और लगन खूब दिखी।

देश में कोरोना

24 घंटे में बढ़ा कोरोना संक्रमण 44 हजार नए मामले

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में बीते 24 घंटे में कोरोना संक्रमण में फिर तेजी आई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार देशभर में बीते 24 घंटे के दौरान कोरोना वायरस के 44,643 नए मामले आए हैं। इस दौरान देश में 41, 096 लोग रिकवर हुए हैं। साथ ही इस दौरान मौतों में भी कई आई है। बीते 24 घंटे के दौरान 464 लोगों की मौत हुई है, जबकि इससे एक दिन पहले 533 लोगों की मौत हुई थी। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया है कि देश में अभी तक 3 करोड़ 18 लाख 56 हजार 757 कोरोना संक्रमित हो चुके हैं और फिलहाल 4.14 लाख मामले कोरोना एक्टिव हैं। देश में अब तक 3 करोड़ 10 लाख 15 हजार 844 लोगों की रिकवरी हो चुकी है और 4 लाख 26 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया है कि फिलहाल देश में रिकवरी रेट अब 97.36 फीसदी है और दैनिक पॉजिटिविटी रेट 2.72 फीसदी है। इसके साथ ही देश में पिछले 24 घंटों में कोरोना वायरस की 57,97,808 वैक्सीन लगाई गई, जिसके बाद कुल वैक्सीनेशन का आंकड़ा 49,53,27,595 हो गया

है। देश में 24 घंटों के दौरान कोरोना संक्रमण के 42,982 नए केस मिले हैं, इसमें अकेले केरल में ही 22,040 नए मामले सामने आए। इस इस दौरान देश में कोरोना से जहां 533 लोगों की मौत हुई वहीं केरल में 117 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी।

देश में अंडमान निकोबार एक ऐसा हिस्सा है, जहां बीते एक दिन में कोरोना संक्रमण का एक भी मामला नहीं आया है। अभी तक अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में कोरोना के कुल 7,541 मामले सामने आ चुके हैं। इस द्वीप समूह में फिलहाल 4 मरीजों का इलाज चल रहा है। ये सभी दक्षिण अंडमान जिले के हैं। वहीं अंडमान निकोबार के दो अन्य जिलों उत्तर एवं मध्य अंडमान निकोबार संक्रमण मुक्त हैं। अंडमान निकोबार केंद्र शासित प्रदेश में पिछले 24 घंटे में संक्रमण से किसी की मृत्यु नहीं हुई और मृतक संख्या 129 बनी हुई है।

विपक्ष के जल्दबाजी में बिल पास कराने पर निर्मला सीतारमण का पलटवार

थोड़ा अपना रिकॉर्ड भी देखें

नई दिल्ली (ए)। संसद के मानसून सत्र में पेगासस जासूसी मामले और केंद्र सरकार द्वारा लाए गए तीन कृषि कानूनों को लेकर खासा हंगामा बरपा रहा। विपक्ष लगातार सरकार को घेर रही है। संसद में भी विपक्ष का हंगामा जारी है जिसकी वजह से दोनों सदनों की कार्यवाही नहीं चल पा रही है। विपक्ष का आरोप है कि सरकार जल्दबाजी में बिल पास करा रही है। वह किसी बिल पर चर्चा नहीं करा रही। विपक्ष के इसी आरोप पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सरकार का पक्ष रखा है। निर्मला सीतारमण ने कहा कि विपक्ष ऐसा बोल रहा है कि जल्दबाजी में बिल पास कर रहे हैं। 2007 में विपक्ष ने कम से कम 11 बिल जल्दबाजी में पास कराए, उसके बाद 2011 में संविधान विधेयक को भी जल्दबाजी में पास करवाया।

झूठे वादे नहीं करूंगा

चंडीगढ़ (ए)। पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू ने मोगा में आयोजित कार्यकर्ताओं की बैठक में आम आदमी पार्टी और शिरोमणि अकाली दल पर जमकर भड़ास निकाली। नवजोत सिंह सिद्धू ने कहा कि आप कहती है कि वह सत्ता में आने पर 300 यूनिट बिजली फ्री देगी जबकि शिअद ने कहा है कि यदि वह सत्ता में आई तो वह 400 यूनिट बिजली फ्री देगी। सिद्धू ने कहा ये बयान किसी भी तरह से तर्कसंगत नहीं कहे जा सकते हैं।

2 रुपये में खरीदकर 3 रुपए प्रति यूनिट बिजली जनता को दूंगा: सिद्धू

सिद्धू ने कहा कि पंजाब कर्ज में डूबा हुआ है और दोनों पार्टियां लोगों को गुमराह कर रही हैं। ऐसा संभव नहीं है, क्योंकि पंजाब सरकार पहले ही महंगी बिजली खरीद रही है। उन्होंने कहा कि 2022 में हमारी सरकार बनी तो सरकार द्वारा किए गए समझौतों को रद्द करवाऊंगा और 2 रुपये में बिजली खरीद कर लोगों को 3 रुपये प्रति यूनिट बिजली उपलब्ध कराई जाएगी। सिद्धू ने कहा मैं लोगों के साथ झूठे वादे नहीं करूंगा। पंजाब के विकास के लिए मेरा विजन बिल्कुल साफ है। उन्होंने कहा कि मैंने यह सब बातें मंत्री रहते हुए कैबिनेट में रखी थीं पर मेरी किसी ने नहीं सुनी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस उपभोक्ताओं को सस्ती बिजली उपलब्ध कराने और किसानों को मुफ्त बिजली जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने घोषणा की कि उनकी सरकार आगामी विधानसभा सत्र में निजी बिजली निर्माण कंपनियों के साथ सभी बिजली खरीद समझौतों को रद्द कर देगी। जिससे उपभोक्ताओं को सस्ती बिजली की आपूर्ति हो सके। कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि हम तीन विवादास्पद कृषि कानूनों को रद्द करने के लिए विधानसभा में विधेयक भी लाएंगे ताकि उन्हें राज्य में लागू नहीं किया जा सके। उन्होंने कहा कि कांग्रेस किसानों की मांगों को पूरा करने के लिए खड़ी है। राज्य सरकार के राजस्व में वृद्धि की आवश्यकता पर बल देते हुए सिद्धू ने कहा कि वह अपनी सरकार से खनन, उत्पाद शुल्क और केबल नेटवर्क नीतियों की समीक्षा करने के लिए कहेंगे ताकि सरकारी कर्मचारियों, मनरेगा कार्यकर्ताओं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सभी को लाभ देने के लिए राजस्व बढ़ाया जा सके।

मैच हारा लेकिन मन जीता: योगी

लखनऊ (ए)। तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक के रोमांचक मुकाबले में ब्रिटेन से हारने के बाद भी अपने जुझारूपन के लिए तारीफ पा रही भारतीय महिला हॉकी टीम की हौसला अफजाई करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि टीम ने भले मैच हारा लेकिन मन जीता है। योगी आदित्यनाथ ने मैच के बाद ट्वीट किया, मैच हारा लेकिन मन जीता, तोक्यो ओलंपिक में इतिहास रचने वाली मां भारत की बेटियों का हार्दिक अभिनंदन। जय हिंद। गौरतलब है कि शुक्रवार सुबह भारतीय महिला हॉकी टीम का पहला ओलंपिक पदक जीतने का सपना टूट गया।

हर युवा के फोन में मोदी ने डाल दिया है पेगासस लोगों को चुप कराने का खोजा तरीका: राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पेगासस के मुद्दे पर केंद्र सरकार पर हमला जारी है। गुरुवार को राहुल गांधी ने कहा कि इजरायली सॉफ्टवेयर पेगासस लोगों को चुप कराने का एक टूल है। इंडियन यूथ कांग्रेस के संसद घेराव के प्रदर्शन को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने पीएम नरेंद्र मोदी पर रोजगार को लेकर भी हमला बोला। राहुल गांधी ने कहा, आपका मोबाइल फोन आपकी आवाज होता है। नरेंद्र मोदी ने सिर्फ मेरे ही नहीं बल्कि हर युवा के फोन में पेगासस डाल दिया है। उनका आइडिया यह है कि यदि आप सच बोलते हैं तो फिर नरेंद्र मोदी और पेगासस आपके फोन में हैं और वे यह जान जाएंगे। राहुल गांधी ने कहा, पेगासस लोगों को चुप कराने का एक तरीका है। विपक्ष की ओर से मोदी सरकार पर लगातार पेगासस फोन हैकिंग को लेकर हमला बोला जा रहा है और संसद में चर्चा की मांग की जा रही है। वहीं

सरकार ने ऐसे सभी आरोपों को खारिज किया है। राहुल गांधी ने युवक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जिस दिन इस देश का युवा सत्य बोलना शुरू कर देगा, उस दिन मोदी सरकार गिर जाएगी। मोदी जब तक प्रधानमंत्री के पद पर हैं, तब तक देश के युवाओं को रोजगार नहीं मिल सकता है। इस बीच सेंट्रल दिल्ली के अशोक रोड समेत कुछ इलाकों में भारी जाम लग गया है। इंडियन यूथ कांग्रेस का प्रदर्शन फिलहाल रायसीना रोड पर चल रहा है और पुलिस प्रशासन की ओर से उन्हें हटाने का प्रयास किया जा रहा है। कांग्रेस वर्कर्स को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने पानी की बौछार की है। यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं का कहना है कि ईंधन की बढ़ती कीमतों और पेगासस के मुद्दे पर जुटे हैं। इस बीच पीएम नरेंद्र मोदी ने विपक्ष की ओर संसद में हंगामे को लेकर तंज कसा है। पीएम मोदी ने गुरुवार को कहा कि वे (विपक्ष) संसद को रोक कर देश को आगे बढ़ने से नहीं रोक सकते हैं। आज ओलंपिक में भारतीय हॉकी टीम को मिली जीत पर खुशी जताते हुए भी पीएम मोदी ने पांच अगस्त को ऐतिहासिक दिन बताया। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि एक तरफ जहां खिलाड़ी जीत का गोल कर रहे हैं तो वहीं विपक्ष राजनीति स्वार्थ के लिए सेल्फ गोल करने में जुटा है।

संक्षिप्त समाचार

पोहरी जेल से भागे आरोपी को 6 माह का कारावास

शिवपुरी-आरोपी बंटी उर्फ हेमंत के जेल से भाग जाने के कारण माननीय न्यायालय द्वारा उसे 6 माह के कारावास से दंडित किया गया है। अभियोजन अधिकारी विशाल काबरा द्वारा जरिए जानकारी दी गई कि आरोपी पूर्व से ही एक अन्य प्रकरण में जेल में सजा काट रहा था। घटना दिनांक 11/04/21 तो प्रातः काल जेल खुलने के बाद बंदियों को बाहर निकालकर साफ-सफाई का कार्य करवाया जा रहा था। उसी समय आरोपी बंटी उर्फ हेमंत खूंटी बनाकर दीवार फांदकर जेल से भाग गया। घटना की रिपोर्ट पोहरी थाने में की गई। विचारण उपरांत माननीय न्यायालय ने आरोपी को दोषी पाते हुए यह फैसला सुनाया।

युवक कांग्रेस के द्वारा नीमडांढ़ा क्षेत्र में बाढ़ पीड़ितों को बांटे खाने के पैकेट और कपड़े

शिवपुरी-बाढ़ पीड़ितों को राहत प्रदान करते हुए उनके बीच पहुंचकर युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष अमित शिवहरे के द्वारा अपने सहयोगियों के साथ मिलकर नीमडांढ़ा में परिवारों और उनके मुखियों को जहां खाने के पैकेट दिए गए तो वहीं परिजनों के लिए भीगे हुए कपड़ों से इतर बच्चों और बड़ों के लिए कपड़ों का वितरण भी किया गया। बता दें कि शिवपुरी जिला मुख्यालय पर भी अनेकों स्थानों पर बाढ़ जैसे हालात निर्मित हुए जिसमें कई घरों में रखा राशन का सामान इस बारिश में खराब हो गया तो वहीं लोगों को पहनने ओढ़ने के लिए भी कपड़े तक नहीं बचे। इन हालतों में जहां समाजसेवी संस्थाऐं आगे आकर राहत सामग्री वितरण कर रहीं है तो इसी क्रम में युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष व जनपद सदस्य अमित शिवहर के द्वारा भी बाढ़ पीड़ितों की सेवा में आगे आऐं और तलैया मोहल्ला, आदिवासी अयोध्या बस्ती और अब नीम डांढ़ा पहुंचकर बाढ़ से घिरे हुए परिवारों के बीच पहुंचकर उन्हें खाने के पैकेट और कपड़ों का वितरण भी किया गया। इस दौरान इस सेवा कार्य में अमित शिवहरे के साथ उनके सहयोगी जिला उपाध्यक्ष कांग्रेस बासित अली, सिद्धार्थ सिंह चौहान, आशीष शर्मा, बलवीर मिर्धा, अमन खान, शाहरुख कुरेशी, राहुल बंशकार, रूपा ठाकुर आदि शामिल रहे जिन्होंने नीमडांढ़ क्षेत्र के रहवासियों के लिए खाने के पैकेट और वस्त्रों का वितरण किया साथ ही उनकी समस्या भी सुनी और उनको हर संभव मदद करने का आश्वाशन दिया कि युवक कांग्रेस कार्यकर्ता आपके साथ हर परिस्थिति में है और जो भी यथा संभव सहयोग व मदद होगी की जाएगी।

7 दिनों से बंद पड़ी डीपी को मंडल अध्यक्ष

सहित समाजसेवियों ने कराया चालू

शिवपुरी/पोहरी-पोहरी नगर में बीते सप्ताह से हुई झमाझम बारिश के चलते नगर के स्टेट बैंक परिसर के पास स्थिति डीपी खराब हो गयी जिसके चलते नगर में व्यवस्था ठप्प हो गयी थी, जहां आज पोहरी मंडल अध्यक्ष आशुतोष जैमिनी एवं समाज सेवी सरपंच प्रतिनिधि पप्पू सिठेले के सहयोग से नयी डीपी स्थापित करायी गई जिसके बाद नगर में विधुत व्यवस्था शुचारु रूप से शुरू हो सकी। बता दे कि नगर में बीते सप्ताह से अतिबर्षा के चलते विधुत व्यवस्था ठप्प पड़ी हुई जहां नगर में नल-जल योजना सहित आटा-चक्की बंद पड़ी थी जिसे दुरुस्त कराने के लिए शुक्रवार को समाजसेवियों के सहयोग से विधुत व्यवस्था दुरुस्त करायी गई। जहां व्यवस्था को दुरुस्त करने में जेई राहुल आर्य एव विधुतकर्मी प्रभुदयाल लोधी, रमन कुशवाह, रूपसिंह भदौरिया, देवेंद्र योगी का

जल भराव के कारण हुए नुकसान का सर्वे एवं वार्डों की स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें: मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया

वार्डों में शुरू हुआ आपदा से हुए नुकसान का सर्वे कार्य, वार्ड 20 में 75 परिवारों को किया चिह्नित

शिवपुरी-प्रदेश की कैबिनेट मंत्री श्रीमंत यशोधरा राजे सिंधिया के सतत निर्देशन में शहर के प्रत्येक वार्ड में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ वार्ड के स्थानीय कार्यकर्ताओं कि टीम संयुक्त रूप से जहां-जहां जल भराव के कारण लोगों के घरों में रखे समान आनज आदि का नुकसान हुआ उसका तुरंत सर्वे एवं प्रत्येक वार्ड में स्वच्छता का विशेष ध्यान दिया जाए अधिकारियों को निर्देश दिए। इसी क्रम में शहर के वार्ड क्रमांक 20 व 38 में लोगों के घरों एवं अनाज आदि को हुए नुकसान का सर्वे किया गया जिसमें प्रमुख रूप से वार्ड 38 में पार्षद भानू दुबे, नपा सब इंजीनियर हरिओम राठौर, पटवारी आशीष कुशवाह, बीएलओ राजेश सेन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सौरव समाधिया, अरविंद ठाकुर, शिवम् दुबे आदि कार्यकर्तागण उपस्थिति रहे।

वार्ड 20 में हुआ कैबीनेट मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया के निर्देश पर आपदा से हुए नुकसान का सर्वे कार्य

खेल मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने पुलिस कंट्रोल रूम पर अधिकारियों और वालंटियर के साथ एक बैठक रखी गई जिसमें आपदा राहत सर्वे को लेकर निर्देश दिये गए। साथ ही मंत्री यशोधरा राजे ने वालंटियर और अधिकारी दोनो को मिलकर उस वार्ड के क्षेत्र का घर-घर जाकर भ्रमण करेंगे और लोगों से संपर्क करेंगे। इसी क्रम में खेल मंत्री श्रीमंत

यशोधराराजे सिंधिया निर्देश पर भाजपा नेता संजय गौतम वार्ड 20 के वालंटियर हरिओम राठौर, विजय शर्मा बिंदास, पटवारी अमृता शर्मा, पराग राहोरा, पंप अटेंटर भगत राम योगी, धनीराम कुशवाह ने राजपुरा रोड़, धोबी मोहल्ला, नाई गली, जाटव मोहल्ला, छोटा लुहारपुरा, कुमार मोहल्ला, जोगीपुरा, तारकेश्वरी कॉलोनी, गणेशगली, नीलगर चौराहा, नाई गली, कुशवाह मोहल्ला अथाई सहित पूरे वार्ड का सर्वे का कराया गया। सर्वे कार्य मे बारिश व बाढ़ से प्रभावित अति गरीब लोगों का आंकलन किया गया जिनकी पटोर, घर गिर गए है या इस बारिश में उनके खाने पीने की सामग्री का भारी नुकसान हुआ है। सर्वे में 75 लोगो का आंकलन हुआ है जिनका कुछ हद तक नुकसान हुआ है वही इस सर्वे के दौरान देखने मे आया कि लोगो के चेहरे पर काफी मायूषी छाई हुई थी क्योंकि इस भीषड़ बारिश ने 48 से 72 घंटो तक लोगो को सोने तक नही दिया। इन तीन दिनों में हुई जोरदार बारिश से लोगो के घरों में पानी तक भर गया था जहाँ ओर खाने की सामग्री के अलावा और भी कई तरह का नुकसान जनता जनार्दन का हुआ है और इसी का हालचाल जानने के लिए यह सर्वे कराना खेल मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया का मुख्य उद्देश्य रहा है।

बाढ़ ग्रस्त ग्राम चिताहरी का निरीक्षण

कैबिनेट मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया शिवपुरी भ्रमण पर हैं। शुक्रवार को उन्होंने बाढ़ ग्रस्त ग्राम चिताहरी का निरीक्षण किया और बाढ़ प्रभावित लोगों का हालचाल जाना और उनकी समस्याएं सुनी। मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने आपदा से प्रभावित लोगों को राशन, खाद्य सामग्री वितरित की और कहा कि यह आपदा का समय है इसलिए धैर्य रखें। शासन.प्रशासन के स्तर पर राहत एवं बचाव के लिए सभी प्रयास जारी हैं। आपदा के कारण ग्रामीणों को समस्या हुई है। किसानों की जो भी क्षति हुई है। टीम द्वारा जल्द उसका सर्वे किया जाएगा और किसानों को राहत दी जाएगी। इस दौरान मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने मौके पर उपस्थित एसडीएम अंकुर गुप्ता और तहसीलदार नरवर रुचि अग्रवाल को निर्देश दिए हैं कि टीम द्वारा प्रभावित गांव का सर्वे कराया जाए और जानकारी तैयार की जाए। पूरी टीम सक्रिय होकर काम करे। इसके साथ ही राहत कैंप में जो लोग ठहरे हैंए उनके लिए खाने पीने की व्यवस्थाएं एकदम दुरुस्त होना चाहिए। लोगों को किसी प्रकार की समस्या नहीं होना चाहिए।

रेस्क्यू में सेना की टीम का कार्य सराहनीय : मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया

प्रदेश की कैबिनेट मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने शुक्रवार को करैरा के बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों का निरीक्षण किया उन्होंने करेरा के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में रेस्क्यू कार्य में लगी आर्मी की टीम का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने कहा कि इस आपदा की स्थिति में रेस्क्यू अभियान में सेना ने जिस प्रकार कठिनाई में मदद की है वह सराहनीय है। सेना द्वारा सैकड़ा लोगों को सुरक्षित निकाला गया है। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल ने भी सेना की पूरी टीम का आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि जिले में गंभीर स्थिति होने पर रेस्क्यू में सेना की मदद ली गई। जिसका नेतृत्व मेजर आर आर बरार द्वारा किया गया। उन्होंने भी अपने अनुभव साझा किये। आर्मी की टीम में मेजर पी के सिंह, कैप्टन अनिरुद्ध सिंह, लेफ्टिनेंट पुनीत जैन के साथ पूरी उनकी पूरी टीम थी।

बारिश थमी, पीड़ितों तक पहुंचने लगी राहत सामग्री

समाजसेवी संस्था भारत विकास परिषद शाखा शिवपुरी द्वारा प्रधान न्यायाधीश के निर्देशन में बांटी सामग्री

शिवपुरी- बाढ़ आपदा से ग्रसित क्षेत्रों में लुधावली, अयोध्या बस्ती पहुंचकर समाजसेवी संस्था भारत विकास परिषद शाखा शिवपुरी के द्वारा जिला विधिक सहायता प्राधिकरण के संयुक्त तत्वाधान में जरूरतमंद परिवारों को तिरपाल भेंट की गई और राहत सामग्री पहुंचाते हुए भोजन के पैकेट भी प्रदाय किए गए। इस दौरान संस्था पदाधिकारी व जिला न्यायालय से न्यायाधीश आदि ने कार्यक्रम में भागीदारी की।

कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते संस्था अध्यक्ष श्रीमती अनीता सिंह व सचिव गणेश धाकड़ ने बताया कि समाजसेवी संस्था भारत विकाश परिषद शाखा शिवपुरी के द्वारा प्रधान न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक श्री विनोद कुमार के मार्गदर्शन श्रीमती अर्चना सिंह सचिव/जिला न्यायाधीश एवं श्रीमती शिखा शर्मा जिला विधिक सहायता अधिकारी शाखा अध्यक्ष श्रीमती अनिता सिंह के द्वारा वर्तमान परिवेश में अतिवृष्टि के दौरान प्रभावित परिवारों को राहत दिलाने के लिए सामाजिक पहल करते हुए संस्था भारत विकास परिषद शाखा शिवपुरी के सेवा प्रकल्प के माध्यम से गरीब परिवारों के लिए आशियाने के रूप में तिरपाल, खाद्य सामग्री व भोजन के पैकेटों का वितरण शहर किया जा रहा है। इस सेवा कार्य को पूरा करने के जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा जगह चिन्हित किया गया, इस जगह चिन्हित करने में महत्वपूर्ण भूमिका धर्मेंद्र गुप्ता एवं योगेश शर्मा पेरा लीगल कार्यकर्ता ने निभाई। आज का कार्यक्रम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ और सहायता जहां आवश्यकत थी वहाँ पहुँची। इससे पूर्व शाखा भी रक्तदान शिविर साथ में आयोजित कर चुकी हैं। शाखा अध्यक्ष श्रीमती अनिता सिंह एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला न्यायाधीश श्रीमती अर्चना सिंह ने बताया कि वार्डवार प्रभावित परिवारों का निरीक्षण कर तिरपाल सामग्री का वितरण किया जा रहा है। गुरुवार को विभिन्न वार्डों में 50 प्रभावित परिवारों को तिरपाल खाद्य सामग्री के कीट वितरित किए गए।

श्रीराम मंदिर निर्माण भूमिपूजन वर्षगांठ पर बजरंगदल विहिप ने किया श्रीराम पूजन, हनुमान चालीसा पाठ

शिवपुरी-एक वर्ष पूर्व करोड़ो भारतवासियों के आराध्य आयोध्या में विराजमान श्रीराम लला मंदिर निर्माण भूमिपूजन की नींव माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा रखी गई थी इसके बाद आज एक बार फिर से इस मंदिर निर्माण भूमिपूजन की वर्षगांठ पर सभी भारतवासियों में हर्ष की लहर व्याप्त है और हम बजरंगदल विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ता श्रीराम स्तुति के लिए उनका पूजन कर हनुमान चालीसा पाठ का आराधना कर समस्तदेशवासियों की इन खुशियों में शामिल हो रहे है। उक्त उद्गार व्यक्त किए विश्व हिन्दू परिषद के विभाग मंत्री संजय शर्मा ने जो स्थानीय सिद्धेश्वर धर्मशाला स्थित बजरंगदल विश्व हिन्दू परिषद जिला कार्यालय पर श्रीराममंदिर निर्माण भूमिपूजन कार्यक्रम की वर्षगांठ पर उपस्थित कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दे रहे थे। इस दौरान कार्यक्रम की शुरूआत सर्वप्रथम आराध्य प्रभु श्रीराम के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवल और माला अर्पण के साथ हुआ। इस अवसर पर उपस्थित बंजरगदल विश्व हिन्दू परिष कार्यकर्ताओं ने श्रीराम मंदिर निर्माण भूमिपूजन की वर्षगांठ पर संयुक्त रूप से हनुमान चालीसा का पाठ कर बड़े हर्षोल्लास के साथ इस शुभ दिन को मनाया।

वनवासी छात्रों के जीवन में बदलाव करने में सेवा भारती का अमूल्य योगदान : मेडीकल कॉलेज अधीक्षक केबी

फतेहपुर स्थित सेवा भारती सहरिया वनवासी छात्रावास में नगर समिति की बैठक आयोजित

शिवपुरी-जिन्हें हम सहरिया कहते है कि वह विकास की मुख्य धारा में शामिल हो रहे है और यह सब जानकर बड़ी खुशी हा `रही है कि शिवपुरी में सहरिया वनवासियों के उत्थान में सेवाभारती संस्था के द्वारा अपना अमूल्य योगदान दिया जा रहा है जिसका परिणाम है कि वनवासी छात्रों के जीवन में भी बदलाव आने लगा है निश्चित रूप से संस्था के सही उद्देश्य और कार्य होंगें तब उसके परिणाम भी फलीभूत होंगें, इसके साथ ही कोरोना काल जैसे हालातों में सेवा भारती संस्था के पदाधिकारी व सदस्यों ने मिलकर जो कार्य किया है वह भी अग्रणीय है जिन्हें भुलाया नहीं जा सकता। उक्त उद्गार व्यक्त किए फतेहपुर स्थित सेवा भारती सहरिया वनवासी छात्रावास में आयोजित साधारण सभा की बैठक में मेडीकल कॉलेज के अधीक्षक के.बी.वर्मा ने जो स्थानीय सेवा भारती संस्था से जुड़े सदस्यों को संबोधित कर संस्था के कार्यो की प्रशंसा कर रहे थे। इस अवसर पर कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सिविल सर्जन डॉ.राजकुमार ऋषिश्वर ने की जिन्होंने भी सेवा भारती संस्था के अग्रणीय कार्यों को सराहा और अपनी ओर से हर संभव सहयोग व चिकित्सकीय व्यवस्था प्रदान करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का प्रारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया एवं सेवा गीत संस्था सचिव शैलेश विरमानी द्वारा गाया गया तत्पश्चात नगर में चल रही सेवा कार्यों की विस्तृत जानकारी गोविंद बंसल द्वारा दी गई, इसके बाद वर्ष 2020-21 का वार्षिक प्रतिवेदन आय व्यय का गोपाल बंसल कोषाध्यक्ष द्वारा दिया गया। कोराना काल में किए गए सेवा कार्यों का विस्तृत विवरण जिला अध्यक्ष ओम बंसल द्वारा संकलित वीडियो फिल्मों के माध्यम से आए हुए अतिथियों एवं संस्था सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया गया, साथ ही बताया कि अमेरिका स्थित कंप्यूटर हार्डवेयर कंपनी कोरसेयर द्वारा कोरोना काल में संस्था द्वारा द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों से प्रभावित होकर डॉलर 10000 की राशि संस्था को प्रदान की गई, इस कार्य में विशेष भूमिका ओम बंसल की पुत्री पूर्वी बंसल एवं उनके दामाद योगेश केडिया की रही जो कि बेंगलुरु में सीए हैं। कोरोना कॉल में जय सिंह सेन एवं नारायण सेन द्वारा किए गए कार्यों से प्रभावित होकर संस्था द्वारा उन्हें 1100-1100 रुपए एवं शॉल एवं श्रीफल द्वारा सम्मानित किया गया। आभार प्रदर्शन संस्था के नगर अध्यक्ष यशवंत खंडेलवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में छात्रावास स्थित परिसर में काफी मात्रा में वृक्षारोपण का कार्य किया गया। इसके साथ ही संस्था के 1200 रुपए वार्षिक वाले 5 नए सदस्य एवं छात्रावास के लिए 2 नए सदस्य रूपये 5000 वाले एक बच्चे को पढ़ाने का जो शुल्क आता है उसके लिए गोद लिए गए बनाए गए। कार्यक्रम का संचालन सचिव शैलेश विरमानी द्वारा किया गया।

जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ शिवपुरी चार्तुमास समिति का किया गया गठन

अभय कोचेटा बने चार्तुमास कमेटी संयोजक, कार्यकारिणी गठित कर हुई घोषण

शिवपुरी-आगामी चार माह तक कोर्ट रोड़ स्थित श्री श्वेताम्बर जैन मंदिर में परमपूज्य आचार्य भगवंत नित्यानंद श्री जी म.सा.की आज्ञानुवर्ती शिष्या शीलाधर्मा श्री जी म.सा. के पावन सानिध्य में चल रहे चार्तुमास के आयोजन को सफल बनाने के लिए गत दिवस मंदिर परिसर में समाजजनों की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सर्वसम्मति से अभय कोचेटा को चार्तुमासिक समिति का संयोजक घोषित किया गया जिस पर समाजजनों द्वारा श्री कोचेटा को बधाई व शुभकामनाऐं दी लेकिन इसके पूर्व ही चार्तुमास समिति संयोजक मनोनीत होने पर अभय कोचेटा के द्वारा चार्तुमास में होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों, पूजा-पाठ, एकासने, उपवास सहित सांस्कृतिक व रचनात्मक कार्यों को पूर्ण करने के लिए अपनी एक कमेटी का गठन भी किया गया जिसमें समिति के विभिन्न पदाधिकारियों को दायित्व सौंपते हुए चार्तुमास कमेटी में शामिल किया गया है।

बाढ़ आपदा से घबराईये मत, मैं आपके साथ हूं : संजीव सिंह

बाढ़ ग्रसित क्षेत्रों का किया दौरा, पीड़ितों के लिए खोले लंगर

भिण्ड। सिंध नदी में आए उफान ने कई गांव तबाह कर दिए। बाढ़ आपदा से सैकड़ों परिवार घर से बेघर हो गए ऐसी स्थिति में विधायक संजीव बाढ़ पीड़ितों के बीच पहुंचकर उनका दुख दर्द बांटने का प्रयास किया। शुक्रवार को उन्होंने सिकाटा पंचायत की ग्राम दौनियापुरा, खैरा, श्यामपुरा, टेहनगुर, जखमौली, ककाहरा बाढ़ ग्रसित क्षेत्रों का दौरा किया। बाढ़ पीड़ित लोगों के बीच पहुंचकर उनके नुकसान की बात की तो पीड़ितों के आंसू छलक पड़े। पीड़ितों के आंसू पोंछते हुए श्री कुशवाह ने कहा कि बाढ़ आपदा से आप

घबराईये मत, मैं आपके साथ हूं। आप लोगों का जितना भी नुकसान हुआ है उसका सर्वे कराकर पूर्ण मुआवजा दिलवाऊंगा। जब तक बाढ़ का पानी नियंत्रण में नहीं होता तब तक आप सभी लोगों की रहने एवं खाने की व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रहेगी। विधायक संजीव सिंह के समर्थकों द्वारा बाढ़ ग्रसित क्षेत्रों में नाश्ता एवं भोजन बंटवाया जा रहा है। विधायक संजीव सिंह ने बताया कि भिण्ड में अत्यधिक मात्रा में बारिश होने तथा डैम खुलने से बाढ़ जैसे हालात उत्पन्न हुए हैं। चंबल नदी का जलस्तर बढ़कर 127. 77 मीटर और सिंध का जलस्तर 19.40 मीटर हो गया है। मेरे द्वारा बाढ़ ग्रसित क्षेत्रों का भ्रमण किया जा रहा है। बीते दिन की तुलना में आज जलस्तर कुछ कम हुआ है। कुछ जगहों पर मेरी गाड़ी नहीं पहुंच पाई तो मैं स्वयं ट्रैक्टर चलाकर लोगों के बीच पहुंचा और बाढ़ प्रभावित लोगों का दुख दर्द सुना उन्हें ढांढ़स बंधाया। कुछ ग्रामवासी अपने घर, खेती को लेकर चिंतित थे उन्हें शासन से मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। आपदा की इस घड़ी में शासन, प्रशासन एवं रेस्कयू टीमें राहत कार्य में लगी हुई हैं बाढ़ आपदा से लगातार संघर्ष किया जा रहा है।

पूर्व सांसद भी पहुंचे बाढ़ पीड़ितों के बीच

पूर्व सांसद डॉ. रामलखन सिंह ने शुक्रवार को ग्राम कचौंगरा, ओझा, डुढ़ियन, दाह का पुरा, हार का पुरा, द्वार, मड़नई जैसे बाढ़ ग्रसित क्षेत्रों का भ्रमण किया। बाढ़ ग्रसित क्षेत्रों में चारों तरफ पानी की स्थिति को देखते हुए बताया कि बाढ़ से क्षेत्र के लोगों का बहुत नुकसान हुआ है। बाढ़ पीड़ित अभी भी अपने-अपने घरों की ओर देख रहे हैं कि कैसे बाढ़ ने उनके गृहस्थ जीवन को बर्वाद कर दिया। पूर्व सांसद ने बाढ़ पीड़ितों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनी। भोजन एवं ठहरने की व्यवस्थाएं करवाई। जिन लोगों का बाढ़ से घर एवं खेती बर्वाद हुई है उसका सर्वे करवाकर मुआवजा दिलवाये जाने की बात कही।

संक्षिप्त समाचार

पानी में डूबने से 10 वर्षीय किशोरी की मौत

भिण्ड। शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के नवादा बाग रानी का ताल में एक 10 वर्षीय बच्ची की पानी में डूबकर मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लिया है। पुलिस के अनुसार गुरुवार दोपहर 11.50 बजे प्रिय पुत्री सुनील सिकरवार उम्र 10 वर्ष निवासी वाटर वर्क्स जो नवादा बाग रानी का ताल में अचानक गिरकर डूब गई, जिसे स्थानीय लोगों ने बाहर निकाला और आनन-फानन में अस्पताल लेकर दौड़े तो चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लिया है।

हारजीत का दाव लगाते हुए चार युवक गिरफ्तार

भिण्ड। बरोही थाना क्षेत्र के ग्राम विजयपुरा पंचायत भवन में जुआरी हारजीत का दाव लगा रहे, मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर पुलिस ने चार जुआरियों को दबोचकर हिरासत में लिया और जुआ के फड से एक ताश की गड्डी व नगदी जब्त की। पुलिस ने उक्त जुआरियों के विरुद्ध जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार गुरुवार शाम 5.30 बजे सीताराम नरवरिया, कल्याणसिंह, राकेश सिंह निवासीगण विजयपुरा बरोही, घासीराम राठौर निवासी मदनपुरा जो क्षेत्र के ग्राम विजयपुरा पंचायत भवन जुआ खेल रहे थे, जिसकी सूचना मिलते दबोचकर हिरासत में लिया और उनके पास से एक तास की गड्डी, 1 हजार 230 रुपये नगदी जब्त की। पुलिस ने जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

खेत की मेड डालने को लेकर विवाद, युवक पर मामला दर्ज

भिण्ड। लहार थाना क्षेत्र के ग्राम बड़ेघर में खेत की मेड डालने को लेकर एक युवक के साथ दूसरे युवक ने मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार गुरुवार दोपहर 2.15 बजे मोनू पुत्र छत्रपाल बघेल निवासी बड़ेघर ने बताया गांव की खेत पर उसी गांव निवासी नरेन्द्र गुर्जर मेड डाल रहा था, जिसका विरोध किया तो गाली-गलौज करते हुए मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

बरसात के दौरान आपातकाल में संपर्क करें

भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस के निर्देशन में बरसात को ध्यान में रखते हुये जिला स्तरीय कंट्रॉल रूम स्थापित किया है। जिला स्तरीय कंट्रोल रूम के दूरभाष नंबर 07534-230013, 07534-230023, 07534-4230025 रहेंगे। यह कंट्रोल रूम 24 घंटे संचालित रहेगा।

बाढ़ के कहर ने हजारों लोगों को किया बेघर, टेंशन के समय अफसर वोट व हेलीकॉप्टर में बैठकर कर रहे मौज-मस्ती, सोशल मीडिया पर वीड़ियो वायरल

जिंदगी बचान के लिए मडवारी में एक किशोरी ने सोशल मीडिया पर किया वीड़ियो वायरल, बाढ़ पीड़ितों को बचाने पुलिस पहुंची तो एक बुर्जुग कुल्हाड़ी लेकर दौड़ा

छतों पर बैठकर भगवान से जिंदगी की लगा रहे गुहार, बाढ़ पीड़ितों के साथ सोशल मीडिया पर सेल्फी हो रही वायरल, यह कैसा मजाक

भिण्ड। चंबल अंचल में बाढ़ के कहर ने हजारों लोगों को बेघर कर दिया है सर छिपाने के लिए किसी के पास छत तक नहीं बची है और अपनी-अपनी छतों पर चढ़कर भगवान से जिंदगी बचाने की गुहार लगा रहे हैं, सभी लोगों के चेहरों पर टेंशन की लकीर साफ दिखाई दे रही है। सिंध नदी के रौंद्र रूप ने सैकड़ों घर बर्वाद कर दिये हैं, मवेशी पानी में बह गये हैं लोग भूखे-प्यास छतों पर सुरक्षित स्थान पहुंचने के इंतजार में बैठे हुए हैं। इसी बीच टेंशन के समय अफसर वोट व हेलीकॉप्टर में बैठर मौज-मस्ती करते हुए एक सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ, जिसमें लहार तहसील के एसडीएम, एसडीओपी, जनपद सीईओ और एक अन्य अफसरों ने वोट में बैठकर मौज-मस्ती का एक वीडियो बना रहे थे वहां से 45 किलो मीटर दूर रौन तहसील के मड़वारी गांव में 300 लोग दो दिन से बाढ़ में फसे हुए थे। मड़वारी गांव की एक युवती ने वीड़ियो बनाकर जारी किया और जिला प्रशासन से मदद की गुहार लगाई। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोग भूखे-प्यासे छतों पर बैठकर मदद की राह देख रहे हैं तो उधर अफसर टेंशन के समय में भी सोशल मीडिया पर सेल्फी लेकर मौज मस्ती करने में जुटे हुए हैं अरे साहब इस वक्त मौज मस्ती का नहीं लोगों की जिंदगी बचाने का है मौज मस्ती तो फिर कभी भी कर सकते हैं अगर कोई व्यक्ति बाढ़ में बह गया तो उसका घर उजड़ जायेगा, जिस ओर भी जिला प्रशासन को ध्यान देना चाहिए। बाढ़ में फसे मड़वारी के लोगों की सूचना जब रौन थाना प्रभारी उदयभानसिंह को मिली तो रेस्क्यू चलाकर गांव लोगों को बचाने के लिए पहुंचे तो एक वृद्ध पुलिस पर कुल्हाड़ी लेकर दौड़ पड़ा, जिसके बाद उन्होंने काफी समझाया, तब जाकर वृद्ध को सुरक्षित बाढ़ में फसे गांव से बाहर निकाला गया। कई अफसर अपनी जान की बाजी लगाकर लोगों को बचाने में जुटे हुए हैं तो कई अफसरों को मजाक सूझ रहा है इस वक्त सिर्फ और सिर्फ राहत कार्य के लिए जिला प्रशासन व पुलिस के अफसरों को आगे आना चाहिए मौज-मस्ती को बाद में भी हो जायेगी।

परा गांव के कछपुरा मैं जहरीली गैस से हुई लोगों की मृत्यु के बीच तत्काल राहत कार्य प्रारंभ कराए

सहकारिता लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया ने प्रशासन के अधिकारियों को किया निर्देशित

भिण्ड। मध्य प्रदेश सरकार में सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री क्षेत्रीय विधायक डॉ अरविंद सिंह भदौरिया ने विधानसभा क्षेत्र अटेर के ग्राम पंचायत पर अटेर कछपुरा मैं जहरीली गैस से चार लोगों की मृत्यु हो जाने पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए जिले प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को तत्काल राहत कार्य प्रारंभ कराने के लिए निर्देशित किया। सहकारिता मंत्री अरविंद सिंह भदौरिया का निर्देश मिलते ही जिले के पुलिस अधीक्षक मनोज सिंह कलेक्टर संतोष कुमार एवं अटेर एसडीएम तथा पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी और जवान अपने पुलिस बल के साथ पारा क्षेत्र के गांव कछपुरा के लिए रवाना हो गए जहां मृत्यु जनों को बाहर निकाल निकालने में सफलता प्राप्त की। सहकारिता मंत्री डॉक्टर भदौरिया ने बताया कि भूरे खान, दशरथ, हनीफ की मृत्यु हो गई जिनके प्रति मैं उनको भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं शासन और प्रशासन से जो मदद होगी वह परिवार जनों को शीघ्र दिलाई जाएगी प्रदेश की भाजपा सरकार शोकाकुल परिवारों के बीच खड़ी है।

किसान मित्र चयन हेतु आवेदन विकास खण्ड स्तर पर वरिष्ठ कृषि विकास कार्यालय में 25 अगस्त तक जमा कराऐ

भिण्ड । शासन के निर्णयानुसार जिले में कृषि विस्तार सुधार कार्यक्रम 'आत्मा' योजना के तहत वर्ष 2021-22 में किसान मित्र का चयन किया जाना है। जिनके चयन हेतु शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार चयनित किसान बन्धुओं को पृथक कर नये सिरे से दो आबाद ग्रामों के मध्य एक कृषक का चयन किया जाना है। चयनित व्यक्ति कृषक मित्र का कार्य करेंगे। परियोजना संचालक आत्मा भिण्ड से प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व में प्राप्त आवेदन जिसमें शासन के निर्देशानुसार न्यूनतम उम्र 40 वर्ष से घटाकर न्यूनतम उम्र 25 वर्ष का प्रावधान रखा गया है। पूर्व में प्राप्त आवेदन के साथ-साथ इच्छुक आवेदन कर्ता निर्धारित दिनांक तक आवेदन कर सकते है। विकास खण्ड स्तर पर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय में आवेदन फार्म जमा किये जायेंगे। किसान मित्र चयन हेतु आम सभा द्वारा ठहराव 15 अगस्त 2021 में कराया जायेगा। फार्म जमा करने की अंतिम दिनांक 25 अगस्त 2021 होगी। उक्त चयन प्रक्रिया अनुविभागीय अधिकारी राजस्व की अध्यक्षता एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सचिव एवं चयन समिति द्वारा पूर्ण कराई जायेगी।

आज बांटी जायेगी हितग्राहियों को सामग्री

भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने बताया कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजनान्तर्गत 7 अगस्त 2021 को अन्न उत्सव के आयोजन के संबंध में पूर्व में उत्सव के रूप में मनाने के निर्देश दिये गये थे। उन्होंने बताया कि अब कार्यक्रम को उत्सव के रूप में नहीं मनाया जाना है। हितग्राहियों को सामग्री का वितरण सामान्य रूप से उचित मूल्य दुकानो से किया जावेगा।

एक ही परिवार के कुंआ में पानी की मोटर ठीक करने उतरे तीन युवकों की जहरीली गैस रिसाव से मौत

मृतक परिजनों ने सड़क पर लगाया जाम, एसपी की गाड़ी घेरी

पुलिस व एनडीआरएफ की टीम ने कुंआ से तीनों युवकों निकाले शव, परिजनों का रो-रोकर हुआ बुरा हाल

भिण्ड। कुंआ में फुंकी पड़ी पानी की मोटर को ठीक करने के लिए एक युवक उतारा तो वह काफी देर तक बाहर नहीं आया, तो गांव के दो युवक उसे बचाने के लिए कूद पड़े, जिसके बाद उनकी भी किसी तरह की आवाज नहीं आई, तो अन्य ग्रामीणों कुंआ के पास जाते तो बेहोश होकर गिर पड़ते, जिसके बाद लोगों ने अंदाजा लगाया कि इसमें से जहरीली गैस निकल रही है जिस कारण लोगों की तबियत बिगड़ गई और वह कुंआ में फसे रहे गये। इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई तो मौके पर पहुंचकर एनडीआरएफ टीम के द्वारा बचाव कार्य शुरु किया गया तो तीनों युवक कुंआ से मृत मिले। जिसके बाद परिजनों ने हंगामा शुरु कर दिया और हाइवे पर जाम लगा दिया। यह हादसा अटेर थाना क्षेत्र के ग्राम परा में घटित हुआ। घटना की सूचना पुलिस अधीक्षक को मिली तो मौके पर गांव पहुंचे तो आक्रोशित ग्रामीणों ने उनकी गाड़ी घेर ली और नारेबाजी शुरु कर दी। पुलिस अधीक्षक ने ग्रामीणों व मृतक परिजनों को आश्वासन दिया है की मामले की पूरी जांच करायी जायेगी, इसके साथ ही जो भी शासन से मदद होगी दिलायी जाने का आश्वासन दिया और घटना स्थल तक स्वयं एसपी दलदल में धसकर मृतकों के पास पहुंचे और घटना की पूरी जानकारी ली। पुलिस ने तीनों मृतकों के शव एंबुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल लेकर पहुंचे और पीएम कराकर परिजनों के हवाले कर दिया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

कुंआ में उतरे तीन युवकों की जहरीली गैस से दम घुटने से मौत

पुलिस के अनुसार शुक्रवार सुबह लगभग 9 बजे हनीफ खां पुत्र मिजाजी खा, भूरे खां पुत्र नाथू खां, बसारत खां पुत्र दफेदार खां निवासीगण ग्राम परा जो गांव में एक कुंआ पर पानी की मोटर ठीक करने के लिए उतरे थे और उसमें जहरीली गैस मोटर में रिसाव के चलते उनका दम घुटने लगा और बेहोश होकर उसी में गिर पड़े, जब कई घंटों बाद तीनों की आवाज कुंआ से नहीं आई तो ग्रामीणजन कुंआ के पास पहुंचते तो वह भी बेहोश होकर गिर पड़ते थे, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई और तीनों के शवों को कुंआ से बाहर निकाला गया।

मृतक परिजन व ग्रामीणों ने सड़क पर लगाया जाम

जहरीली गैस के रिसाब से तीन युवकों की मौत के बाद मृतक परिजन व ग्रामीणों ने सड़क पर जाम लगाकर आवागमन ठप्प कर दिया, जिसकी सूचना अटेर थाने पुलिस को लगी तो बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स पहुंचा और ग्रामीणों से जाम खोलने के लिए बोला, लेकिन पुलिस की किसी ने एक नहीं सुनी, घटना के कुछ घंटे बाद पुलिस अधीक्षक पहुंचे तो उनकी गाड़ी घेर ली और नारेबाजी शुरु कर दिया, जिसके बाद एसपी ने लोगों को मामले में जांच व मुआवजा दिलाये जाने की बात कहीं, तब जाकर कहीं जाम खुला।

घटना स्थल पर पहुंचे यह अधिकारी

अटेर क्षेत्र के ग्राम परा में मृतक परिजनों द्वारा सड़क पर हंगामे की सूचना जब जिला प्रशासन को मिली तो मौके पर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह, एसडीएम उदयसिंह सिकरवार, तहसीलदार मनोजसिंह, एसडीओपी एसएस तोमर, थाना प्रभारी संजय एक्का, सब इंस्पेक्टर अतुल भदौरिया, पटवारी मधुसूदन भदौरिया सहित बचाव दल मौजद रहा।

इनका कहना है

कुंआ में जहरीली गैस के रिसाव के चलते तीन युवकों की मौत हो गई है और मृतक परिजनों को शासन से जो मुआवजा होगा वह दिलाया जायेगा।

-एसएस तोमर,
एसडीओपी अटेर

हॉकी ने बढ़ाया मान

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने इतिहास रच दिया है। टीम ने 41 साल के सूखे को खत्म करते हुए भारत को हॉकी में कांस्य पदक दिलाया है। ओलिंपिक में भारत की हॉकी टीम को आखिरी पदक 1980 में मॉस्को में मिला था, जब वासुदेवन भास्करन की कप्तानी में टीम ने गोल्ड जीता था। टीम इंडिया ने ब्रॉन्ज मेडल मैच में जर्मनी को 5-4 से हरा दिया। ओलंपिक में भारतीय टीम ने जिस तरह का प्रदर्शन पहले ही मैच से किया, उससे देशवासियों की उम्मीदें काफी बढ़ गई थीं। सेमीफाइनल में हार के बाद थोड़ी निराशा हुई थी, मगर अब कांस्य पदक दिलाकर टीम ने एक बार फिर लोगों को खुशी से झूमने का अवसर दे दिया है। भारत ने ओलंपिक में सबसे ज्यादा मेडल पुरुष हॉकी में जीते हैं। टीम ने 1928, 1932, 1936, 1948, 1952, 1956, 1964 और 1980 ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीता था। इसके अलावा 1960 में सिल्वर और 1968,1972 और 2021 (टोक्यो ओलंपिक 2020) में ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया है। टोक्यो ओलंपिक में भारतीय हॉकी के प्रदर्शन से पूरे देश ही नहीं दुनियाभर में भारतीय हॉकी टीम की चर्चा 1980 के बाद यानी 4 दशक बाद एक बार फिर हुई है। टीम की मेहनत तो मायने रखती ही है, लेकिन टीम को न केवल स्पॉन्सर करने बल्कि उसे खेल के मैदान, खेल के उपकरण से लेकर अभ्यास तक की सभी सुविधाएं मुहैया करवाने वाले राज्य ओडिशा का जिक्र भी आज सबकी जुबान पर है। ओडिशा ने 2018 में भारतीय हॉकी टीम को स्पॉन्सर करने का जिम्मा लिया था। इससे पहले सहारा इसे स्पॉन्सर करता था। ओडिशा सरकार ने वित्तीय मदद से लेकर प्रशासनिक और लॉजिस्टिक की अड़चनों को भी दूर किया। हॉकी भारत का खेल है। 1980 तक हम इसके बेताज बादशाह थे। हॉकी भारत के खून में है, यह मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को पता था। खासतौर से ओडिशा में हॉकी का चलन काफी ज्यादा है। खुद मुख्यमंत्री भी हॉकी के अच्छे खिलाड़ी हैं। दून स्कूल में वे खुद भी हॉकी खेलते थे। वे बेहतरीन गोलकीपर थे। हालांकि उसके बाद वे शौकिया तौर पर ही खेले। लेकिन यह खेल उनके दिल के करीब है। वर्ल्ड कप-2018, चैंपियंस ट्रॉफी-2014, हॉकी वर्ल्ड लीग फाइनल-2017 और अब 2023 में मेंस हॉकी वर्ल्ड कप को भी ओडिशा होस्ट करेगा। इसके मैच राउरकेला में खेले जाएंगे। मौजूदा पुरुष हॉकी टीम के वाइस कैप्टन बीरेंद्र लाकरा हैं। इनका मूल निवास ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले के लचचदा गांव में है। बीरेंद्र ओरांव आदिवासी समुदाय के हैं। वहीं महिला हॉकी टीम की वाइस कैप्टन दीप ग्रेस इक्का भी ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले की हैं। दीप भी आदिवासी समुदाय से आती हैं। ओलंपिक में हॉकी टीम ने इस जीत के साथ हमें कई संदेश भी दिए हैं। आज पूरा देश जिस तरह से क्रिकेट के पीछे भाग रहा है और खिलाडियों को भगवान मान रहा है, उसी तरह दूसरे खेलों की तरफ ध्यान दिया जाए, तो हम ओलंपिक में कहीं ज्यादा अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। देश में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, पर उनका सही तरीके से उपयोग नहीं किया जा रहा है। अब समय है कि हम क्रिकेट के इतर भी सोचना शुरू करें।

सियासत की दुनिया और सत्ता लोभी चिकित्सक

तनवीर जाफ़री



दरभंगा (बिहार)के डॉक्टर (प्रो) एस एम नवाब भारतीय चिकित्सा जगत की एक ऐसी बेमिसाल शख़्सियत का नाम है जिसने अपना पूरा जीवन अपने चिकत्सकीय पेशे के प्रति पूरी ज़िम्मेदारी व ईमानदारी से निभाया। जो भी डॉक्टर नवाब को जानता है उसका सिर आज भी उनका नाम आते ही सम्मान से झुक जाता है। मैं उन सौभाग्यशाली लोगों में हूँ जिसे उनके साथ अनेक बार बैठने व वार्तालाप करने का अवसर मिला। मेरे उनसे पारिवारिक रिश्ते थे लिहाज़ा वे अपने जीवन से जुड़ी तमाम बातें मुझसे सांझा किया करते थे। उनका मानना था कि इलाज का हक़ प्रत्येक मानव को एक समान है चाहे वह ग़रीब हो या धनवान। उन्होंने अपना सारा जीवन लाखों अमीर व ग़रीब लोगों का इलाज विशेषकर शल्य चिकित्सा करने में गुज़ारा। जिसने जितने पैसे दिये ले लिये और जिसने नहीं दिये उससे कभी मांगे नहीं। जिस मरीज़ ने इलाज के अलावा दवाओं की भी मदद मांगी उसे वह भी मिली जिसने उनके नर्सिंग होम में बेड या कमरे का किराया देने में असमर्थता व्यक्त की उसे भी अपने दूसरे सभी सम्मानित मरीज़ों की ही तरह देखा। प्रथम राष्ट्रपति डाक्टर राजेंद्र प्रसाद के भी वे निजी डॉक्टर रहे। डॉक्टर नवाब को स्व इंदिरा गाँधी ने राज्य पाल बनाने व दरभंगा से लोकसभा चुनाव लड़ने जैसे प्रस्ताव कई बार भेजे परन्तु उन्होंने हमेशा इन्हें अस्वीकार कर दिया। वे मुझे अक्सर हँसते हुए सवाल करते कि गवर्नर हॉउस में भला मैं अपने मरीज़ों का ऑपरेशन कैसे करता? चुनावी राजनीति को अपने लिये वे यह कहते हुए ख़ारिज करते कि यदि मैं चुनाव लड़ूं तो मेरे विपक्षी /विरोधी मेरी पिछली पुश्तों का ऐसा बॉयोडाटा ढूंढ निकालेंगे और उसे सार्वजनिक करेंगे जो शायद मुझे भी नहीं पता। और चुनाव लड़ने के दौरान और बाद में भी मैं अपने मरीज़ों के अधिकारों के साथ न्याय नहीं कर सकूंगा। लिहाज़ा एक डॉक्टर की हैसियत से मुझे अपने पेशे के प्रति ही गंभीर व ईमानदार होना चाहिये। अपने मरीज़ों की उम्मीदों पर खरा उतरना ही चिकित्सकीय पेशे का पहला धर्म है। डॉक्टर नवाब एक उच्च कुलीन मुस्लिम घराने के सदस्य होने के बावजूद ग़ैर मुस्लिम समाज के लोगों में और अधिक लोकप्रिय थे क्योंकि उनकी नज़रों में हर मरीज़ एक समान था।

इसी तरह देश का एक और जाना पहचाना व सम्मानजनक नाम डॉक्टर लक्ष्मी सहगल का भी है। आज़ाद हिन्द फ़ौज की प्रथम महिला कमाण्डर व अंग्रेज़ों के विरुद्ध संघर्ष करने वाली डॉक्टर सहगल देश की ऐसी महिला थीं जिन्होंने अपने जीवन के अंतिम क्षणों तक अपने चिकत्सकीय पेशे को निभाया। उन्होंने कानपूर में अपना चिकित्सालय चलाया जहां ग़रीब अमीर व धर्म जाति का भेद किये बिना मरीज़ों की निःशुल्क सेवा की जाती थी। आज तथाकथित स्वयंभू राष्ट्रवादी लोग कम्युनिस्टों को राष्ट्रविरोधी बताते हैं परन्तु डॉक्टर लक्ष्मी सहगल जैसे तमाम लोगों ने यह साबित किया है कि ग़रीब अमीर व धर्म जाति के बीच भेदभाव न करने वाले कम्युनिस्ट ही सही मायने में देशभक्त भी हैं और मानवीय मूल्यों को सम्मान देने वाले भी। नेताजी सुभाष चंद बोस के विश्वासपात्र व आज़ाद हिन्द फ़ौज के कर्नल प्रेम कुमार सहगल से विवाह करने वाली डॉक्टर लक्ष्मी सहगल ने ज़रूरत पड़ने पर प्रथम पंक्ति के स्वतंत्रता सेनानी हैसियत से अंग्रेज़ों के विरुद्ध संघर्ष भी किया और पार्टी के कहने पर डाक्टर ए पी जे अब्दुलकलाम के विरुद्ध राष्ट्रपति पद का चुनाव भी लड़ा परन्तु अपने चिकित्सकीय पेशे से कभी मुंह नहीं मोड़ा। इसी तरह आजकल डॉक्टर कफ़ील ख़ान डॉक्टर्स ऑन रोड नामक राष्ट्रव्यापी मिशन चलाकर पूर्वी उत्तर प्रदेश,बिहार व बंगाल के उन सुदूर क्षेत्रों में अपनी बड़ी समर्पित टीम के साथ मरीज़ों की सेवा में लगे हैं जहाँ डॉक्टर्स तो क्या आम आदमी का भी पहुंचना मुश्किल है। परन्तु वे मुफ़्त इलाज,दवा और ज़रूरतमंदों को राशन भी बांटते फिर रहे हैं। परन्तु इन सबके विपरीत पिछले दिनों डॉक्टर प्रवीण तोगड़िया का बी बी सी गुजराती सेवा से प्रसारित एक साक्षात्कार सुनने का मौक़ा मिला। स्वयं को कैंसर सर्जन बताने वाले डॉक्टर तोगड़िया को पूरा देश जानता तो ज़रूर है परन्तु एक सफल कैंसर विशेषज्ञ चिकित्सक के रूप में नहीं बल्कि विश्व हिन्दू परिषद् के एक फ़ायर ब्रांड वक्ता के रूप में। इसमें कोई शक नहीं कि आज भारतीय जनता पार्टी जिस धर्म आधारित ध्रुवीकरण के बल पर पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में है उसमें विश्व हिन्दू परिषद् के अंतर्राष्ट्रीय महामंत्री के रूप में डॉक्टर तोगड़िया के ज़हरीले व समाज को बाँटने वाले भाषणों का बहुत बड़ा योगदान है। यह अजब इत्तेफ़ाक़ है कि गुजराती व संघ परिवार के होने के बावजूद आज वे भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आँखों में खटकने वाले नेताओं की सूची में सर्वोपरि हैं। शायद तभी वे भी पेगासस जासूसी प्रकरण के शिकार लोगों में एक हैं। इसी पेगासस प्रकरण को लेकर जब बी बी सी ने उनसे बात की तो उनके अंदर का दर्द छलका और पेगासस से लेकर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत के हिन्दू-मुस्लिम के एक समान डी एन ए बताए जाने वाले बयान तक पर उन्होंने स्पष्ट शब्दों में अपनी राय रखी। इसी दौरान उन्होंने कहा कि हिन्दू मुस्लिम डी एन ए एक बता कर क्या 95 वर्षों तक संघ ने झूठ का प्रचार किया कि हिन्दू राष्ट्रीय व मुस्लिम अराष्ट्रीय हैं ? साथ ही उन्होंने इस बात पर भी दुःख जताया कि किस तरह उन जैसे कैंसर सर्जन का पूरा जीवन व कैरियर इसी %झूठ% को प्रचारित करने के चक्कर में बर्बाद हो गया ? उनके साक्षात्कार का मर्म स्पष्ट था की इसी झूठ व प्रोपगंडा की राजनीति में न केवल उन जैसे डॉक्टर पेशा व्यक्ति जीवन बर्बाद किया गया बल्कि देश के करोड़ों हिन्दुओं को भी सत्ता के खेल के चलते ठगा गया ?

डॉक्टर तोगड़िया की ही तरह डॉक्टर हर्षवर्धन व डॉक्टर संबित पात्रा जैसे लोग भी हैं जो मरीज़ों की सेवा करने के लिए अपने बहुमूल्य ज्ञान व हासिल की गई चिकित्सकीय शिक्षा का सदुपयोग करने के बजाय सत्ता का आनंद उठाने व पार्टी व सत्ता के प्रवक्ता के रूप में अपने आप को जनता के समक्ष पेश करने में ज़्यादा ख़ुशी महसूस करते हैं। यहां तक कि पूरा कोरोना जैसा घोर संकट काल गुज़र जाने के बावजूद इन लोगों ने कोरोना मरीज़ों के इलाज हेतु कोई भी रचनात्मक कार्य नहीं किया। डॉक्टर हर्षवर्धन को तो उनकी कोरोना काल की असफलता के चलते अपना मंत्री पद भी गंवाना पड़ा। जबकि समाज में ज़हर घोलने का बख़ूबी दायित्व निभाने वाले संबित पात्रा का अभी इक़बाल बुलंद है। लोकसभा चुनाव हारने के बावजूद वे चिकित्सकीय क्षेत्र में नहीं बल्कि तेल और प्राकृतिक गैस निगम ह्हत्नष्ट बोर्ड के स्वतंत्र निदेशक के पद पर विराजमान हैं। गोया 5 वर्षों तक चिकित्सकीय शिक्षा हासिल करने के बाद उन्होंने सत्ता की तथा विभाजनकारी राजनीति करना ज़्यादा मुनासिब समझा।आश्चर्य है कि डॉक्टर्स जैसे फ़रिश्ता रुपी ज्ञान हासिल करने व इस पेशे में आने के बाद भी किस तरह सत्ता लोभी चिकित्सक सियासत की काली व अँधेरी दुनिया में अपना भाग्य आज़माने लगते हैं। निश्चित रूप से यह चिकित्सा ज्ञान के व इस पेशे के साथ बड़ा अन्याय है।

परिवार के वुजुर्गों को उपेक्षा अनादर नही स्नेह और सम्मान चाहिए

विजय कुमार जैन

भारतीय संस्कृति में परिवार के वरिष्ठ जनों अथवा बुजुर्गों का सम्मान देने उनकी सुख सुविधाओं का हर क्षण ध्यान रखने की प्राचीन परम्परा रही है। परिवार में कोई भी कार्य करने से पूर्व वरिष्ठ जनों से सलाह मार्ग दर्शन एवं आशीर्वाद लिया जाना आवश्यक माना जाता था। वर्तमान में पाश्चात्य संस्कृति के अंधानुकरण से भारत में संयुक्त परिवार की प्राचीन परंपरा समाप्त हो रही है। एकल परिवार बढ़ते जा रहे है। एकल परिवार में सबसे ज्यादा उपेक्षा बुजुर्गों की हो रही है।

वृद्धावस्था में समाज में बुजुर्गों से उपेक्षा पूर्ण व्यवहार हो रहा है। बृद्ध व्यक्ति की प्रमुख चिंता उपेक्षा पूर्ण व्यवहार एवं अपेलापन होती है। परिवार में इनके लिये सुविधाओं की कोई कमी नही होती मगर परिवार के सदस्यों को इनके सुख दुख की चार बात कर उनका मन हल्का करने समय नही होता है। बेटे बेटी बहू बच्चे परिवार का कोई भी सदस्य इनके लिये समय नही देता है। परिवार में बुजुर्गों का मान सम्मान बना रहे परिवार में बुजुर्गों के कारण अशोभनीय स्थिति उत्पन्न न हो इसके लिये हमें बुजुर्गों के मनोविज्ञान को समझना व उनकी समस्याओं को जानना जरूरी है। उम्र के अंतिम पायदान पर आकर अधिकांश व्यक्ति किसी न किसी शारीरिक अथवा मानसिक बीमारियों से ग्रस्त हो जाते है। उम्र अधिक होने पर श्रवण शक्ति व नेत्र ज्योति कमज़ोर हो जाती है। कुछ लोगों की स्मरण शक्ति भी कमजोर हो जाती है।जो वास्तव में बीमारी नही एक स्वाभाविक अवस्था है। परिवार के बुजुर्गों का हर समय ध्यान रखना अतिआवश्यक है। अगर उनकी नेत्र ज्योति कम हो गई है या पहले से ही कमजोर है तो समय समय पर उनकी आंखों की जांच कराना चाहिए डॉक्टर की सलाह अनुसार चश्मा बनवाया चाहिए।अगर कम सुनने लगे है तो कानों का भी उपचार कराना चाहिए। उन्हें हर प्रकार से स्वस्थ्य एवं प्रसन्न रखने का प्रयास करना चाहिए। वे निरंतर सचेत एवं ऊर्जावान बने रहे इसके लिये उनकी शारीरिक क्षमता के अनुसार उपयोगी कार्य एवं गतिविधियों को खोजने में भी मदद करनी चाहिए। अनेक बार उनकी स्मरण शक्ति कमजोर होने के कारण सभी बातें याद नही रहती है। समय पर दवा लेना भी भूल जाते है। ऐसी स्थिति में उन्हें दोषी ठहराकर उन पर गुस्सा होना उचित नही है। जिस बात को भूल गये है उसको स्मरण कराने की आवश्यकता है। हमारी स्थिति यह है कि परिवार के छोटे बच्चों के किसी जिज्ञासा का समाधान करने बार बार समझाते है जबकि परिवार के बुजुर्ग को कोई बात समझ में नही आती है तो चिड़चिड़ाहट आ जाती है। हमारी इस धारणा में सुधार करना चाहिए।परिवार में कोई नया कार्य प्रारंभ करने से उनसे सलाह लेकर उस कार्य का शुभारंभ उनके ही करकमलों से कराना चाहिए। ऐसा करने से उन्हें यह संतुष्टि होगी की परिवार में आज भी उनका महत्व और सम्मान है। बुजुर्गों की आवश्यकताओं और इच्छा को प्राथमिकता देना परिवार का दायित्व है। जब भी खरीदारी के लिये बाजार जायें तो बुजुर्गों से मिलकर उनसे पूछकर जायें उन्हें कुछ मगवाना तो नही है। हमारा प्रयास यह होना चाहिए उनकी मांग से कुछ ही लाकर उन्हें संतुष्ट करें। हम जब भी रिश्तेदार या निकट परिचित के यहाँ उनके निमंत्रण पर कार्यक्रम में भाग लेने जायें तो परिवार के बुजुर्गों को साथ चलने का अनुरोध करें। कार्यक्रम से वापस आने पर वहाँ मिले

उपहार एवं मिठाइयाँ उन्हें दिखायेंगे तो उन्हें प्रसन्नता होगी तथा यह अहसास होगा कि परिवार में मेरा सम्मान कायम है। अगर बुजुर्ग यात्रा करने में सक्षम है तो ऐसी यात्रा का कार्यक्रम अवश्य बनाये जहाँ उनकी आनंद दायक यात्रा हो सके। वर्तमान में पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव में सबसे ज्यादा उपेक्षित वुजुर्ग हो रहे हैं। परिवार में आलीशान मकान बनाया जाता है पहली मंजिल पर माता-पिता के लिये कमरा बनाया जाता से उस कमरे के समीप ही घर के पालतू कुत्ते के लिये कमरा बनाया जाता है। बुजुर्ग माता-पिता की सेवा की जिम्मेदारी हम न लेकर कुत्ते को देते हैं।

कैसे होगा शाकाहार को बढ़ावा !

अरविन्द प्रेमचंद जैन

कोई भी भाषा संस्कृति धरम को जब तक राजाश्रय प्राप्त नहीं होता हैं तब तक उनको बढावा नहीं मिलता। आज विश्व में हिंसा ,तनाव ,अशांति का वातावरण बना हुआ हैं। नित्य नए नए हिंसा को बढाने के लिए नित्य नए प्रयोग हो रहे हैं और हिंसा का विस्तार होने से युध्य का खतरा भी बढ़ता जा रहा हैं। खानपान में रसायनों का बहुत अधिक उपयोग होने से नयी नयी बीमारियां हमारे स्वास्थय पर विपरीत प्रभाव डालकर हमें आर्थिक ,मानसिक और सामाजिक स्तर पर हीनता दिखा रही हैं वैसे हमारी सरकारें और समाज अपने स्वार्थ के लिए किसी स्तर तक जाती हैं और जा सकती हैं। कारण वर्तमान में विकास की अंधी दौड़ में कोई को कुछ नहीं दिख रहा हैं।

भारत में स्वंत्रता स्वछंदता में परिणत हो चुकी हैं ,सरकार जनता के धन का बहुत दुरुपयोग विकास के नाम पर करती हैं और करती रहेंगी।सरकार इलाज में भरोसा करती हैं बचाव में नहीं। सरकार होली में आग लगे तो सावन में आग बुझाती हैं ,सरकार अदृश्य होती हैं ,वह भगवान् के समान निराकार होती हैं ,वह सब देखती हैं पर किसी को दिखाई नहीं देती। वर्तमान में तो सरकारें धर्म भीरु हैं। धरम के अनुसार अपना कार्य करती हैं और धरम उनकी बेईमानी हैं तो उस हिसाब से चलती हैं। आज अर्थ व्यवस्था की बहुत ढींग हॉकी जा रही हैं। गरीबी देश से मिट गयी ,रोजर की बहुतायतता इतनी अधिक हैं जैसे इन दिनों नदियों ,नालें और नालियों में बाढ़ आ गयी ,धन रोजगार उफना रहा हैं। सब जगह हरियाली ही हरियाली हैं कारण सबने हरा चश्में लगाएं हैं। चाहे सूखा हो या गीला पर हरापन सब जगह दिखता हैं ,नजर का नहीं नजरियां का सवाल हैं , मेघालय के मंत्री बोले चिकिन ,मटन मछली से अधिक गोमान्स खाये÷ कारण भारतीज जनता पार्टी कभी भी गोमांस पर प्रतिबंध नहीं लगाएंगी। यह कैसा विरोधाभास एक ही पार्टी के नेता का विचार। यह अत्यंत निंदनीय और भर्तसना योग्य हैं। जिस गाय को हम मां के समान पूजते हैं ,जिसके थान में 33 करोड़ देवी देवता रहते हैं जिस एक एक अंग जीवित और मरणोपात्रांत उपयोगी होता हैं उसको खाने की वकालत करना मस्तिष्क का दिवालियापन समझना होगा। केंद्र सरकार सम्बंधित से कुछ भी पूछने को तैयार नहीं होगी कारण अप्रत्यक्ष्य में वे भी गोमांस ,चमड़े के व्यापार और निर्यात में भाग लेते हैं ,आज हम गौरव के साथ कहते हैं की हम भारत देश विश्व में मांस निर्यात चमड़ा निर्यात में बहुत अग्रणी हैं। क्यों न हो जहां सबको सब प्रकार की छूट हैं ,सब जो चाहे कर सकते हैं और करते हैं। केंद्र सरकार के काबीना मंत्री भी इसका रसास्वादन लेते हिन् ,यह व्यक्तिगत मामला हैं पर एक जिम्मेदार व्यक्ति जो जनता के द्वारा निर्वाचित और महत्वपूर्ण पद पर आसीन हैं उनका ब्यान अत्यंत निंदनीय हैं। हर व्यक्ति स्वतन्त्रत हैं पर इसका आशय सार्वजनिक रूप से अनैतिक बात का बढ़ावा दे।

'थुकदम' पर शोध खोलेगा जीवन-मृत्यु का रहस्य

गीता में कहा गया है कि शरीर तो एक पुतला मात्र है इसमें मौजूद आत्मा जीव है। यह जिस शरीर में होता है उस शरीर के गुण, कर्म और अपेक्षा के अनुरूप मृत्यु के बाद नया शरीर धारण कर लेता है। आत्मा न तो जन्म लेता है और न इसकी मृत्यु होती है। जब तक आत्मा शरीर में रहती है तब-तक शरीर जीवत रहता है। आत्मा द्वारा शरीर का त्याग करते ही शरीर सड़ने लगता है और इससे बदबू आने लगती है। गरूड़ पुराण में कहा गया है कि व्यक्ति की मृत्यु के बाद भी काफी समय तक आत्मा शरीर के आस-पास भटकती रहती है। जिस व्यक्ति की मृत्यु आ जाती है और उनका मोह शरीर से लगा रहता है उनकी आत्मा को यमदूत जबरदस्ती खींचकर ले जाते हैं। यही कारण है कि प्राचीन काल में योगी मुनि अपनी इच्छा से योग द्वारा शरीर का त्याग करते थे। माना जाता है कि इस प्रकार शरीर का त्याग करने से सद्गति प्राप्त होती है। हिन्दू धर्म के अलावा बौद्ध धर्म में भी ऐसी ही मान्यता है। इसलिए बौद्ध भिक्षु भी योग द्वारा शरीर त्याग किया करते थे। योग द्वारा शरीर का त्याग करने से शरीर जल्दी दूषित नहीं होता है, क्योंकि उसमें जीवन का अंश मौजूद रहता है। हाल ही में धर्मशाला स्थित डेलेक अस्पताल में बौद्ध भिक्षु गैंगिंग खेतरुल रिंपोंछे की मौत के छह दिन बाद भी उसके पार्थिव शरीर के सुरक्षित रहने से दुनिया भर के चिकित्सक हैरान हैं। हालांकि इससे पूर्व जनवरी 2013 में भी दक्षिण भारत की ड्रेपुंग मोनेस्ट्री में इस तरह का मामला सामने आया है, जिसमें मोनेस्ट्री के प्रमुख रहे लोबसंग निमा मौत के बाद 18 दिन तक इसी अवस्था में रहे थे। इन घटनाओं ने मृत्यु के बाद आत्मा की स्थिति की मान्यताओं पर एक नयी बहस छेड़ दी है और शास्त्रों एवं पुराणों की मान्यताओं पर पुन- अध्ययन करने के लिए वैज्ञानिकों को प्रोत्साहित किया है। हालांकि, वैज्ञानिक शोध में जुटे चिकित्सक अभी तक यही मान रहे हैं कि जब तक आत्मा है, तब तक शरीर सुरक्षित रहेगा। थुकदम (यानी मृत्यु के बाद भी शरीर के यथावत रहने की मुद्रा) के शोध प्रोजेक्ट पर काम कर रहे डेलेक अस्पताल के चीफ मेडिकल आफिसर डा. छेतेन दोरजे का कहना है कि विज्ञान हालांकि इस बात को स्वीकार नहीं करता मगर, हमें मानना होगा कि यह जीवन और जीवन के बाद आत्मा से जुड़ा पहलू है। उन्होंने दावा किया बहुत जल्द वैज्ञानिक तथ्यों के साथ वह इसके रहस्य तक भी पहुंचने वाले हैं।

बुनकर तेरी कारीगरी को सलाम

(राष्ट्रीय हथकरघा दिवस 2021)

मजीद खां पठान

ऐतिहासिक एवं पर्यटन नगर चंदेरी एवं हथकरघा का संबंध चोली दामन के मानिंद आज से नहीं पिछले छै-सात सौ वर्षों से निरंतर जीवित अवस्था में चला आ रहा है। इस अटूट बंधन को तोड़ना किसी की भी बस की बात नहीं। इस शानदार और जानदार हथकरघा की दास्तान आजकल की किस्सा कहानी ना होकर पिछले लगभग छै-सात सौ साल के एक लंबे सफर का कामयाब फलसफा है। जिसे स्थानीय शिल्पकार एक नहीं अनेक उतार-चढ़ाव कई तरह की परेशानियों का सामना करने के बावजूद बड़े ही जतन से इसे सहेज कर अपने सीने से लगाए हुए हैं।

चंदेरी की जीवन रेखा बुनकरों की आत्मा हमारी विरासत हमारी संस्कृति संस्कार की अमूल्य पूंजी चंदेरी की आन बान शान यही हथकरघा है। यह वही हथकरघा है जो हमारे अतीत का साफ सुथरा गौरवमयी चंदेरी साड़ी की जीवन यात्रा के कामयाब मंजिलों से रूबरू करता है। विदेश से लेकर देश के कोने कोने में चंदेरी की पहचान स्थापित करने का श्रेय यदि किसी को जाता है तो वह है स्थानीय हथकरघा और उस के माध्यम से निर्मित होती सुंदर कलात्मक चंदेरी साड़ियां। यह वही हथकरघा है जो अपने हुनर के दम पर एक बार नहीं कई बार प्रदेश देश स्तर पर ही नहीं अपितु अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना जलवा बिखेर कर सम्मान प्राप्त करने का अधिकारी बना है। एक नहीं अनेक प्रतियोगिताओं में यहां के दस्तकार हथकरघा के सहारे अपने श्रेष्ठ प्रदर्शन के बल पर राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त कर भारत के प्रथम नागरिक महामहिम राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित हो चुके हैं। एक नहीं अनेक बनकर अपनी कार्यकुशलता के कारण प्रदेश स्तर पर स्थापित संत कबीर पुरस्कार प्राप्त कर चंदेरी के मान सम्मान को आगे बढ़ा चुके हैं। यह वही हथकरघा है जिसके माध्यम से नगर के बुनकर 1992 ईस्वी में गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर मध्य प्रदेश राज्य की ओर से राजपथ दिल्ली में निकलने वाली झांकी में जीवंत प्रदर्शन कर वाह-वाही लूट चुके हैं। यह वही हथकरघा है जिसके कारण यूनिडो जैसे विश्व स्तरीय संस्था संयुक्त राष्ट्र टेक्सटाइल विकास संस्था का आगमन चंदेरी के आंगन में हुआ था फलस्वरूप चंदेरी साड़ी को विधिवत जी आई टैग जारी हुआ है।

यह भी हथकरघा की उन्नति का एक उल्लेखनीय आयाम है कि नगर में हेण्डलूम पार्क का उदय हुआ। यही नहीं हथकरघा एवं बुनकरों की मेहनत के प्रतिफल स्वरूप चंदेरी साड़ियां विश्व स्तरीय संस्था यूनेस्को क्रिएटिव सिटी अंतर्गत टेक्स्टाइल श्रेणी में शासन द्वारा प्रस्तावित प्रक्रियाधीन विचारणीय होकर अपने हक के लिए संघर्षरत है। यदि 2004 ईस्वी में चंदेरी हस्तशिल्प कला ने भारत के बाहर विदेशों में जैसे शारजहां में आयोजित *रमादान उत्सव* में अपनी अमिट छाप छोड़ी है तो उसके पीछे सफलता की कहानी दर्ज कराने वाला यही हथकरघा ही है जिसके माध्यम से यह सब संभव हुआ है। परंपरागत पेशेवर बुनकरों के हाथों का कमाल है कि 2010 ईस्वी दिल्ली में आयोजित कॉमनवेल्थ खेल में विजेता खिलाड़ियों के गले में डाला जाने वाला स्कार्फ चंदेरी हथकरघा की ही देन थी।

यह बुनकरों एवं हथकरघा का मिलाजुला प्रतिफल है कि 1 मई 2019 ईस्वी को महामहिम राज्यपाल मध्यप्रदेश शासन आनंदीबेन पटेल का चंदेरी आगमन बुनकरों के निवास पर जाकर उनसे हथकरघा चंदेरी साड़ियों की बारीकियों को समझना बुनकर की स्मृतियों में आज भी अंकित है। चंदेरी पर्यटन और चंदेरी साड़ियां एक दूसरे के पूरक हैं। वगैर हथकरघा और चंदेरी साड़ियों के चंदेरी पर्यटन की कहानी आधी अधूरी समान है। चंदेरी पर्यटन को बढ़ावा देने में हथकरघा और उस पर नरम गरम नाजुक हाथों से सतरंगी धागों के ताना-बाना में लिपटी चंदेरी साड़ियों के अमूल योगदान को किसी भी स्तर पर किसी भी प्रकार से पृथक नहीं किया जा सकता है। चंदेरी पर्यटन में हथकरघा एक अहम किरदार है।

अतएव उसका संरक्षण संवर्धन हेतु कृत संकल्पित होना शासन के साथ साथ हम सब का भी नैतिक दायित्व है।

इस भरी दुनिया में हम ना होंगे आप भी ना होंगे किंतु हथकरघा का सफर यूं ही बिना रुके चलता रहेगा। नगर के प्रत्येक भाग में बुनकरों के घरों में स्थापित हथकरघा से निकलती खट खट की आवाज चंदेरी पर्यटन पर आए सैलानियों को अपनी ओर आकर्षित करने एवं उन्हें अपनी आपबीती सुनाने समझाने का हुनर बखूबी हथकरघा को हासिल है।

इस प्राचीनतम नगर का भविष्य भी इसी हथकरघा एवं हस्तशिल्प पर टिका हुआ है। पीढ़ी दर पीढ़ी खानदानी खून से रिश्ता जोड़ता है यह हथकरघा इस नगर के सांप्रदायिक सौहार्द प्रेम सद्भाव भाईचारा की अनूठी अनुपम मिसाल है।

इस सदभावना रूपी ताना-बाना को तैयार करता हथकरघा दिलों को तोड़ने के बजाय इस कट्टरवाद आतंकवाद जातिवाद के दौर में निरंतर दिलों को जोड़ने का काम करते हुए कह रहा है कि

मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना
हिंदी हैं हम वतन हिंदुस्तान हमारा

सब कुछ मिलाजुला कर कहना यह है कि हथकरघा इस नगर की जीवित चलायमान जीवन रेखा होकर आन बान शान और पहचान हमारी अमूल्य विरासत है। नगर की अधिकतर आबादी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से इस हथकरघा से जुड़ी हुई है। नगर की आजीविका का मुख्य साधन यही हथकरघा है अगर हम यूं कहें अतिशयोक्ति नहीं होगी कि बुनकर हथकरघा को बिछाता है, हथकरघा पर सोता है और हथकरघा को ओढ़ता है।

आशय यह है कि शिल्पकार की रोजी-रोटी उसके परिवार का भरण पोषण का जरिया सब कुछ यहीं हथकरघा है। हथकरघा पर पीढ़ी दर पीढ़ी अनुभव प्राप्त बुनकरों द्वारा निर्मित की जा रही रंग-बिरंगी साड़ियों को प्रत्यक्ष रुप से देखना और हथकरघा से निकलती हुई खट खट की मीठी आवाज को सुनना एक अलग ही अनुभव है।

कृति सेनन ने पिंक आउटफिट में बिखेरे हुस्न के जलवे

एक्ट्रेस कृति सेनन ने सुशांत सिंह राजपूत के साथ राब्ता फिल्म से करियर की शुरुआत की थी. इस फिल्म के बाद से एक्ट्रेस ने फिर कभी करियर में पलटकर नहीं देखा है. कृति फैंस के बीच आए दिन अपने स्टाइल से आग लगाती रहती हैं एक्ट्रेस इन दिनों अपनी आगामी फिल्म मिमी को लेकर सुर्खियों में हैं. फिल्म में कृति एक खास रोल में दिखाई देने वाली हैं. ऐसे में फिल्म के रिलीज होने से पहले कृति ने फैंस के बीच अपनी ग्लैमरस अदाओं का जादू चलाया है. हाल ही में एक्ट्रेस ने पिंक आउटफिट में कुछ खास फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं, इन पिक्स में एक्ट्रेस की अदाएं काबिले तारीफ हैं फोटोज में एक्ट्रेस का हुस्न का जलवा देखकर फैंस उनके दीवाने हो रहे हैं. फैंस को कृति की ये पिक्स काफी पसदं आ रही हैं. फैंस एक्ट्रेस की फोटोज पर जमकर कमेंट कर रहे हैं. कृति सेनन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. एक्ट्रेस आए दिन अपनी खास फोटोज फैंस के लिए शेयर करती रहती हैं. कृति सेनन जल्द ही फिल्म मिमि में नजर आने वाली हैं. इस फिल्म में कृति सरोगेट मदर का किरदार निभा रही हैं. हाल ही में फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ है जिसे काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला है. ये किरदार कृति के लिए काफी खास है क्योंकि ऐसा उन्होंने पहले कभी नहीं किया और साथ ही इसके लिए उन्होंने खूब मेहनत की है.

प्रेग्नेंट महिला का किरदार निभाने के लिए कृति ने 15 किलो ग्राम वजन बढ़ाया था. एक एक्ट्रेस के लिए ये बहुत बड़ी बात है. कृति को फिल्म के डायरेक्टर ने ऐसा करने को कहा था. अब कृति के इस ट्रांसफॉर्मेशन का वीडियो सामने आया है कि कैसे वजन बढ़ाने के लिए वह सेट पर हमेशा खाती रहती थीं. अपने किरदार को लेकर कृति ने कहा था, 'मैंने एक यंग लड़की का किरदार निभाया है जो बॉलीवुड एक्ट्रेस बनना चाहती हैं. मिमि के अपने कुछ सपने हैं और उन्हें पूरा करने के लिए वह सरोगेट मदर बनने के लिए तैयार हो जाती हैं. फिल्म की स्क्रिप्ट बहुत ही खूबसूरत है और फिल्म के पहले हाफ नरेशन को ही सुनकर मैंने फिल्म को करने के लिए हां कह दिया था.' फिल्म में काम करने के एक्सपीरियंस पर कृति ने कहा, 'इस किरदार की वजह से मुझे कुछ नया एक्सपीरियंस मिला, एक एक्ट्रेस होने के नाते कई दिलचस्प फीलिंग्स का एहसास हुआ जो मैंने अपनी रियल लाइफ में कभी महसूस नहीं किया।

मैं अपनी उम्र के हिसाब से बहुत छोटी लगती हूं: रश्मि अगडेकर

एक्ट्रेस रश्मि अगडेकर अपनी एक्टिंग से सभी का दिल जीत चुकी हैं. उन्होंने बॉलीवुड के साथ डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी अपनी पकड़ बना ली है. उन्होंने वेब सीरीज देव डीडी से करियर की शुरुआत की थी. इस सीरीज में वह एक लेस्बियन के किरदार में नजर आईं थीं. उनकी इस किरदार की काफी तारीफ की गई थी. इसके बाद वह आई एम मेच्योर सीरीज में लीड रोल में नजर आईं थीं. रश्मि ने अपनी शानदार एक्टिंग से सभी का दिल जीत लिया था. खास बात ये है कि अपनी उम्र के हिसाब से छोटी दिखने का रश्मि को कई बार फायदा हुआ है. रश्मि बॉलीवुड में भी कदम रख चुकी हैं. उन्होंने आयुष्मान खुराना की फिल्म अंधाधुन से अपना डेब्यू किया था. रश्मि ज्यादातर टीनएजर के किरदार में नजर आती हैं क्योंकि वह उन लोगों में से हैं जो अपनी उम्र के हिसाब से छोटे लगते हैं. रश्मि ने इस बारे में बात करते हुए कहा- मैं अपनी उम्र के हिसाब से बहुत छोटी लगती हूं, इस चीज का मुझे बहुत फायदा भी हुआ तो वही नुकसान भी. मैं इसके लिए अपने जीन्स का शुक्रिया अदा करुंगी, क्योंकि मुझे इममेच्योर और अंधाधुन जैसे बड़े प्रोजेक्ट में लीड भूमिका निभाने का मौका मिला है, जिसमें मुझे एक 16 साल की उम्र की लड़की की भूमिका ऑन-स्क्रीन का मौका मिला. तो वही काम उम्र दिखने पर कई बड़े प्रोजेक्ट भी हाथ से निकल गए. रश्मि ने कहा था कि मैं जोया अख्तर के साथ काम करना चाहती हैं।

'बिग बॉस 15' का हिस्सा बनने से मल्लिक शेरावत ने किया इनकार

'बिग बॉस 15' का फैंस को बेसब्री से इंतजार है. शो को लेकर फैंस तरह तरह के कयास लगा रहे हैं. इस बार शो ओटीटी पर भी पेश किया जाएगा. लेकिन इसके ओटीटी वर्जन को सलमान खान की जगह करण जौहर होस्ट करने वाले हैं. ऐसे में अब फैंस की निगाह इस पर है कि आखिर इस सीजन में कौन कौन से सेलेब्स नजर आने वाले हैं. कुछ वक्त पहले ही मेकर्स ने फिर से नए सीजन का ऐलान किया था. जिसके बाद से शो को लेकर लगातार चर्चाएं जारी हैं. अब लगातार बिग बॉस 15 में नजर आने वाले सितारों के नाम सामने आ रहे हैं. हर बार की तरह से इस बार भी शो में कई टीवी स्टार्स नजर आने वाले हैं.

आपको बता दें कि शो के लिए मेकर्स ने बॉलीवुड अदाकारा मल्लिका शेरावत को न्योता भेजा है. लेकिन खबरों के अनुसार मल्लिका ने शो में शिरकत करने से साफ मना कर दिया है. खबर के अनुसार बिग बॉस 15 के मेकर्स चाहते हैं कि मल्लिका शो का हिस्सा बनें, ऐसे में उनको इसके लिए अप्रोच भी किया गया. मल्लिका शेरावत को शो में एक कंटेस्टेंट के तौर पर एंट्री करनी थी.लेकिन मल्लिका ने शो का हिस्सा बनने से मना कर दिया है. कहा जा रहा है कि सीजन में भाग लेने के लिए मर्डर फिल्म की अदाकारा ने एक बड़ी राशि की मांग की है. कहा जा रहा है कि एक्ट्रेस जो राशि चाहती हैं वो नहीं मिलने के कारण है शो को उन्होंने मना किया है. आपको बता दें कि ये पहली बार नहीं है जब मल्लिका शेरावत को बिग बॉस का ऑफर मिला है. इससे पहले भी मेकर्स मल्लिका शेरावत को बिग बॉस 13 के घर में मालकिन के तौर पर भेजना चाहते थे.तब मल्लिका के मना करने के बाद मेकर्स ने अमीषा पटेल की एंट्री करवाई थी. बिग बॉस 14 की विनर टीवी की स्टार रुबीना दिलैक रही थीं।

यामी गौतम-प्रतीक गांधी को लेकर बनेगी 'रात बाकी'

निर्देशक आदित्य धर, यामी गौतम और प्रतीक गांधी को साथ में लेकर जल्द ही एक फिल्म बनाने की सोच रहे हैं। फिल्म का टाइटल है 'रात बाकी'। आदित्य धर साल 2016 से यह फिल्म बनाने की सोच रहे हैं। पहले इस फिल्म में वह कैटरीना कैफ और फवाद खान को कास्ट करने वाले थे, लेकिन भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के चलते यह लव स्टोरी ड्रामा को बंद कर दिया गया। अब आदित्य धर ने इस फिल्म को एक बार फिर से शुरू करने की योजना बनाई है। अब वह इस फिल्म में यामी गौतम और प्रतीक गांधी को कास्ट करने वाले हैं। फिल्म की स्टोरी आदित्य धर के बेहद करीब है। आदित्य इस फिल्म का निर्माण रॉनी स्क्रूवाला के साथ करने जा रहे हैं। लेकिन सबसे दिलचस्प बात यह है कि आदित्य इस फिल्म का निर्देशन नहीं करेंगे। क्योंकि फिलहाल वह अपनी अगली फिल्म 'अश्वत्थामा' पर काम कर रहे हैं।

रिपोर्ट की मानें तो इस फिल्म की जल्द ही आधिकारिक घोषणा की जाएगी।

शादी के बाद 'रात बाकी' पहली ऐसी फिल्म होगी, जिसमें यामी और आदित्य साथ में काम करेंगे। इससे पहले यामी और आदित्य ने फिल्म 'उरीः द सर्जिकल' स्ट्राइक में साथ काम किया था। 4 जून को यामी और आदित्य शादी के बंधन में बंधे थे। गौरतलब है कि यामी की कई फिल्में कतार में है। यामी, अभिषेक बच्चन के साथ फिल्म 'दसवीं' में नजर आएंगी।

अमेजन प्राइम की सबसे अधिक देखी जाने वाली हिन्दी फिल्म बनी तूफान

बॉलीवुड अभिनेता फरहान अख्तर हाल में रिलीज हुई अपनी स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म तूफान को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। इस फिल्म को दर्शकों को मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली है। फिल्म को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर 16 जुलाई को रिलीज किया गया था। अब जानकारी सामने आ रही है कि तूफान अमेजन प्राइम वीडियो की 2021 में पहले सप्ताह में सबसे अधिक देखी जानी वाली हिन्दी फिल्म बन गई है। इस फिल्म में फरहान लीड रोल में दिखे हैं। रिलीज के पहले सप्ताह में किसी अन्य हिन्दी फिल्म की तुलना में अमेजन प्राइम वीडियो पर इस फिल्म को सबसे अधिक लोगों ने देखा है। इसकी रिलीज के पहले सप्ताह में 3,900 से अधिक शहरों और कस्बों के दर्शकों ने इस फिल्म का लुत्फ उठाया है। स्ट्रीमिंग कंपनी अमेजन प्राइम वीडियो ने प्रशंसकों के साथ यह जानकारी साझा की है। फिल्म में फरहान को एक बॉक्सर के किरदार में देखा गया है। यह फिल्म बॉक्सर अजीज अली की कहानी है, जिसमें फरहान को अजीज के किरदार में देखा गया है। फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे अजीज देश का सबसे बड़ा बॉक्सर बन जाता है। मृणाल ठाकुर फरहान के अपोजिट किरदार में नजर आई हैं। वहीं, परेश एक ऐसे कोच की भूमिका में दिखे हैं, जो फरहान को उनकी गलतियों के लिए फटकार भी लगाते हैं। इस फिल्म का निर्देशन राकेश ओमप्रकाश मेहरा ने किया है। फिल्म में अपने किरदार में खुद को ढालने के लिए फरहान को काफी मेहनत करनी पड़ी थी। इसके लिए उन्होंने काफी फिजिकल ट्रेनिंग ली थी। इस फिल्म में सुप्रिया पाठक कपूर, हुसैन दलाल, डॉ मोहन अगाशे, दर्शन कुमार और विजय राज अहम भूमिकाओं में नजर आए हैं। फरहान और राकेश इससे पहले भाग मिल्खा भाग में कामयाबी की इबारत लिख चुके हैं।

अल्कोहल को इसमें मिलाकर पीने से होते है ये साइड इफेक्ट्स

अक्सर लोग अल्कोहल को पीते समय या तो उसमे पानी मिलाते है या फिर सोडा या कोल्ड ड्रिंक्स। लेकिन क्या आप जानते है की अल्कोहल को एनर्जी ड्रिंक्स के साथ मिक्स नहीं करना चाहिए, क्योंकि इससे इन्जरीज़ होने का खतरा बड़ जाता है। ज़्यादातर लोग रेड बुल और वोडका का कॉम्बिनेशन पसंद करते हैं, लेकिन रिसर्च की मानें तो यह नुकसानदायक है और यह पीने से आप गिर भी सकते हैं, कार दुर्घटना भी हो सकती है या फिर आप अचानक से लड़ाई-झगड़ा शुरू कर सकते हैं। कई जगहों पर यह कॉम्बो पहले से ही मिक्स होकर मिलता है, जिसे आपको अवॉइड करना चाहिए। कनाडा के एक रिसर्च सेंटर पर एक टीम ने कम-से-कम 13 स्टडीज़ पर गौर फरमाया, जिनमें यह बात सामने आई कि अल्कोहल और ड्रिंक्स को मिक्स करना सेहत के लिए हानिकारक है। ये स्टडीज़ 1981 से 2016 में पब्लिश हुई हैं। दरअसल, जब आप सिर्फ अल्कोहल लेते हैं, तो आप थक जाते हैं और घर चले जाते हैं। लेकिन जब दोनों मिक्स करते हैं, तो थकान जल्दी नहीं होती और आप ज़्यादा से ज़्यादा अल्कोहल पी लेते हैं। ऐसे में यह आपके लिए खतरनाक हो जाता है और दुर्घटना के चांस भी बड़ा देता है। रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों को मिक्स करने के गंभीर प्रभाव हो सकते हैं, जैसे-बहुत ज़्यादा हैंगओवर, सिरदर्द, दस्त, उल्टी, हार्ट रेट का बढ़ना, थकान, मांसपेशियों की ऐंठन, नींद की समस्या, दिल से जुड़ी दिक्कत आदि। डायबिटीज़ के मरीज़ों को इस बात का खास ख्याल रखना चाहिए कि वो अल्कोहल और एनर्जी ड्रिंक्स को मिक्स न करें, क्योंकि इससे उनका शुगर लेवल बड़ सकता है और यह काफी खतरनाक साबित हो सकता है। सिर्फ यही नहीं, जिन लोगों के पेट में अल्सर हो, उन्हें भी इस कॉम्बिनेशन से दूर रहना चाहिए। इसकी थोड़ी सी मात्रा भी इन्टर्नल ब्लीडिंग करवा सकती है।

कैमरे के लेंस की सफाई के लिए अपनाएं ये टिप्स, आसानी से होगा साफ

कई लोग शौक-शौक में कैमरा खरीद तो लेते हैं, लेकिन उसके लेंस की सफाई पर ध्यान नहीं देते हैं। इसके कारण कुछ दिनों बाद ही कैमरा खराब होने लगता है और लेंस के अंदर मिट्टी की एक परत जम जाती है। ऐसे में कैमरे के लेंस की सफाई करना बहुत जरूरी हो जाता है। आइए आज आपको कुछ ऐसे टिप्स देते हैं जिन्हें अपनाकर आप आसानी से कैमरे के लेंस की सफाई कर सकते हैं।

ब्लोअर का करें इस्तेमाल: कई लोग कैमरे के लेंस को साफ करने के लिए उंगलियों का इस्तेमाल करते हैं जिसकी वजह से न सिर्फ लेंस अच्छे से साफ नहीं होता बल्कि इस पर खरोंच भी आ जाती है। इसलिए बेहतर होगा कि आप लेंस की सफाई के लिए उंगलियों की बजाय ब्लोअर का इस्तेमाल करें। ब्लोअर से लेंस की बेहतरीन तरीके से सफाई भी हो जाती है और लेंस पर कोई खरोंच लगने का डर भी नहीं रहता है।

लेंस क्लीनर लिक्विड आएगा काम: अक्सर यह देखने में आता है कि लोग एक गीले कपड़े से कैमरे के लेंस की सफाई करने लगते हैं, लेकिन ऐसा करना मतलब लेंस को नुकसान पहुंचाना है। इसके लिए लेंस क्लीनर का इस्तेमाल सबसे बेहतरीन उपाय है क्योंकि इसके इस्तेमाल में लेंस पर चिपकी धूल-मिट्टी और अन्य गंदगी आसानी से निकल जाती है। आप चाहें तो इस लिक्विड की मदद से अपने कैमरे के अन्य हिस्सों की भी सफाई कर सकते हैं।

कॉटन बड्स से होगी मुश्किल जगहों की सफाई: कैमरे के लेंस को बारीकी से साफ करने के लिए कॉटन बड्स का इस्तेमाल करना बेहतरीन है। इसके लिए सबसे पहले लेंस क्लीनर लिक्विड में कॉटन बड्स भिगोकर इनसे लेंस और लेंस के अंदर सफाई कर लें। इसके बाद फिर से एक अन्य कॉटन बड्स की मदद से एक बार और सफाई कर लें। इससे कैमरे का लेंस अच्छे से साफ हो जाएगा और आपकी फोटो भी काफी साफ आएगी।

सावधानियां

इन बातों का रखें खास ध्यान: जब भी आप कैमरे का लेंस साफ करें तो उस पर जमी धूल-मिट्टी को साफ करने के लिए फूंक न मारें क्योंकि फूंक के साथ निकली लार लेंस को नुकसान पहुंचा सकती है। लेंस की सफाई के दौरान अपने पास हमेशा लेंस क्लीनिंग लिक्विड, क्लीनिंग ब्रश और क्लीनिंग टिश्यू जरूर रखें।

लेंस की सफाई करते समय हाथों में ग्लव्स जरूर पहनें। इसके अलावा लेंस को बैग में माइक्रोफाइबर कपड़े से साफ करने के बाद ही रखें।

ऐलेना का किरदार मेरे दिल के बेहद करीब: प्रेरणा पनवर

दर्शकों के साथ एक मजबूत भावनात्मक रिश्ता जारी रखते हुए सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के कुछ रंग प्यार के ऐसे भी : नई कहानी का नया सीजन एक बार फिर दर्शकों के दिलों में बस गया है। कई चौंकाने वाले मोड़ के साथ-साथ सोनाक्षी (एरिका फर्नांडिस) और देव (शाहीर शेख) की जिंदगी में आने वाली चुनौतियां के साथ, यह शो दर्शकों की उत्सुकता बढ़ा रहा है। जहां इस शो में पुराने कलाकार ही नजर आ रहे हैं, वहीं इस शो के प्रमुख किरदारों में से एक, प्रेरणा पनवर यानी ऐलेना बोस त्रिपाठी ने इस शो की तीसरी फ्रेंचाइज़ी में वापसी करने पर अपना उत्साह जाहिर किया और खुलकर अपना अनुभव बताया।

प्रेरणा पनवर कहती हैं, जब मुझे पता चला कि इस शो के मेकर्स कुछ रंग प्यार के ऐसे भी : नई कहानी के साथ वापसी कर रहे हैं, तो मुझे लगा जैसे मेरा कोई सपना सच हो गया हो। मेरे उत्साह का कोई ठिकाना नहीं था, क्योंकि इसके पूरे कलाकार मेरे लिए एक परिवार की तरह हैं। इतने प्रतिभाशाली लोगों के साथ काम करना हमेशा एक शानदार अनुभव रहा है। यह शो मेरे करियर का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है और मैं अपने किरदार ऐलेना और इस शो के लिए हमेशा आभारी रहूंगी। मैंने हमेशा इस शो से पर्दे पर और पर्दे के पीछे बहुत कुछ सीखा है। अपने किरदारों के बारे में और बताते हुए उन्होंने कहा, ऐलेना का किरदार मेरे दिल के बेहद करीब है और मैं इससे कई तरह से जुड़ती हूं। वो काफी बातूनी, उत्साही और जिंदादिल लड़की है और मैं अपनी असल जिंदगी में भी ऐसी ही हूं।

बारिश, बाढ़ और बर्बादी

आपदा से मची बदहाली की आंखे नम कर देने वाली कहानी

भोपाल(अर्पित गुप्ता उपसम्पादक)

मध्य प्रदेश के मुरैना चंबल और क्वारी नदियों में आई बाढ़ अब खामोश हो गई है. अब इस प्राकृतिक आपदा से मिले जख्म दिखने लगे हैं. जो लोग बाढ़ में फंसे रहे वह उन पलों को याद करके अभी भी डरे हुए हैं. तीन-तीन दिन तक लोग जलसैलाब के बीच घिरे रहे. उनकी आंखों के आगे पालतू मवेशी बाढ़ में बह गए और राशन-पानी भी बाढ़ निगल गई. बाढ़ का पानी उतरने के बाद लोग अब खाने तक को तरस रहे हैं. प्रशासन की मदद अभी तक पीड़ितों तक नहीं पहुंची. आलम यह है कि किसी समाजसेवी एवं ग्रामीण पीड़ित परिवारों को गैस सिलेंडर दे गया है तो, कोई राशन. वहीं कुछ लोग 200-500 रुपए की आर्थिक मदद कर रहे हैं।

दरअसल, क्वारी नदी के किनारे बसे देवरी का पुरा गांव निवासी बदन सिंह कुशवाह बाढ़ की त्रासदी बताते हुए कहते हैं कि घर में जो राशन, कपड़े, बर्तन आदि सामान रखा था वह सब बह गया. तीन दिन तक घर पानी में डूबा रहा और वह अपने परिवार के साथ हाईवे किनारे शरण लेकर डंटे रहे. अब पानी घर से निकला और पूरे घर में कीचड़ रह गया है. खेतों में खड़ी पूरी फसल बर्बाद हो गई है. अभी तक प्रशासन की ओर से एक दाने की मदद नहीं मिली. गांव के लोग खाना दे रहे हैं, जिससे पूरे परिवार का पेट भर रहा है. बदन सिंह आंखों में आंसू भरके कहते हैं कि आगे जीवन कैसे कटेगा पता नहीं।

क्वारी नदी की बाढ़ का तीन दिन तक सामना करने वाली विजय सिंह का पुरा निवासी रामायणी बाई कहती हैं कि यह तीन दिन जीवन के सबसे डरावने दिन थे. पल-पल मौत का डर सता रहा था. अचानक घरों में पानी भरा और वह अपने बच्चों को लेकर छत पर जाकर बैठ गईं. तीन दिन तक इसी छत पर बैठी रहीं. आंखों के सामने तीन पालतू बकरियां बाढ़ में बह गईं. घर में एक साल का राशन भरा था वो सबकुछ खत्म हो गया. शासन की ओर से एक बार खाने का पैकेट आया, अब ग्रामीण ही मदद कर रहे हैं. रामायणी बाई के अनुसार कोई समाजसेवी या ग्रामीण 500 रुपया तो कोई 100 रुपया दे जा रहा है. अभी इसी से गुजारा हो रहा है।

वहीं दतिया में भी कुछ इस तरह का ही मंजर नजर आ रहा है. जहां बाढ़ की तबाही से मची बदहाली से गांव के गांव नष्ट हो गए हैं. जिले के ग्राम कोटरा में 90 फीसदी तक क्षति हुई है. गांव में आदमी दाने दाने के लिए मोहताज हो गए हैं. जहां उनकी फसल में पानी भर चुका है तो वहीं ग्रामीण लोग भी रोड पर बैठे नजर आ रहे हैं. कहीं मकान की दीवार चटक गई है तो, कहीं लोग ऊंची जगह पर बैठे दिखाई दे रहे हैं।

इसके अलावा दतिया जिले के गांव ग्राम सुनारी और पाली के गांव में कई परिवार बेघर हो गए हैं. सिंध नदी के किनारे बसे सुनारी और पाली गांव में आफत की बाढ़ ने सैकड़ों परिवार तबाह कर दिए. आज यह परिवार प्रशासन की योजनाओं और मदद के लिए अपनी नम आंखों से प्रशासन की मदद के लिए उनके इंतजार की राह देख रहा है. लेकिन किसी प्रकार की मदद नहीं की जा रही है. करीब 4 दिन से अपने परिवार के साथ बैठे ग्रामीण अपना सिर्फ समय काट रहे हैं और अपने बच्चों के लिए खाने पीने के लिए मदद का इंतजार कर रहे हैं. ग्राम पाली और सुनारी के ग्रामीणों की हालत बहुत ही खराब हो गई है. करीब 4 सैकड़ों की संख्या में गांवों के लोगों सुरक्षित स्थान पर प्रशासन ने बैठा दिए हैं।

शिवपुरी तहसील के कोटा-भगोरा क्षेत्र में भारी बारिश के बाद नदी-नाले अब उतर चुके हैं. जिसके बाद इस क्षेत्र में बर्बादी का मंजर दिखाई देने लगा है. क्षेत्र में सड़के उखड़ गई, घर बर्बाद हो गए, खाने के लिए किसानों के घर में रखा अनाज भी बारिश में बह गया. धान के खेत रेत के टीले में तब्दील हो गए हैं।

वन-टू-वन

शासकीय छत्रसाल महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न किया गया

राकेश परिहार

पिछोर, शासकीय छत्रसाल महाविद्यालय पिछोर जिला शिवपुरी में आज दिनांक 6/8/2021 को महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा एवं मध्यप्रदेश शासन की अंकुर योजना के तहत महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न किया गया वृक्षारोपण कार्यक्रम को संपन्न करने में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ केशव सिंह जाटव डॉक्टर भावना भटनागर प्रोफ़ेसर जगदीश आर्य प्रोफ़ेसर नरसिंह भींडे डॉ गिरीश निखरा कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ कमल किशोर यादव दल नायक दीपक पाल संजू पाल भूमि अवस्थी आकांक्षा गुप्ता ललिता झा शालिनी साहू रानी यादव रक्षा लोधी करतार सिंह लोधी रिंकू लोधी आनंदपाल के साथ-साथ महाविद्यालय स्टाफ सहित राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवक वृक्षारोपण कार्यक्रम में सहभागी रहे

हर खुशी की मोके पर किया वृक्षारोपण का आह्वान- मनोहर कवर

राजस्थान राज्य कर्मचारी महासंघ (भामस)पाली के मानवता कार्यक्रम के तहत सुखदेव जी महाराज की बगीची रामदेवरा आउवा में जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ , मनोहर कवर जिला अध्यक्ष भाजपा पाली महिला मोर्चा व हेमंत चौधरी गादाना जिलाध्यक्ष भाजपा पाली अन्य पिछड़ा वर्ग के आतिथ्य में वृक्षारोपण कर सुरक्षा और देखभाल का जिम्मा बारूपाल परिवार बड़ी को दिया द्य राजेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा कि पौराणिक काल से वृक्ष को देव स्वरूप मानकर पूजा करते आए हैं साथ ही प्राणवायु पेड़ों से ही मिलती इसलिए इनका परिवार के सदस्य के समान संरक्षण करना चाहिए द्य मनोहर कवर ने कहा कि पेड़ पर्यावरण के रक्षक ही नहीं बल्कि बच्चों व युवाओं के पेड़ पौधों के निकट रहने से दिमागी विकास भी बेहतर होता है साथ ही परिवार में हर खुशी के मौके पर अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर साल संभाल करने का संकल्प लेना चाहिए द्य हेमंत चौधरी गादाना ने कहा कि कोरोना जैसी वैश्विक महामारी में ऑक्सीजन लेवल गिर जाता है तथा कोरोना काल में हमें पेड़ पौधों का महत्व समझ में आया है वृक्ष प्रकृति के अनमोल उपहार है इस अनमोल उपहार को सुरक्षित रखने के लिए सभी के प्रयासों की आवश्यकता है द्य आउवा 1857 की क्रांति के ठाकुर खुशाल सिंह परिवार के दुर्गा प्रताप सिंह ने कहा कि पर्यावरण संतुलन व पर्यावरण प्रदूषण से निपटने के लिए वृक्षारोपण आवश्यक है द्य उर्मिला भाटी सरपंच चिरपटिया , ललिता भाटी पंचायत समिति सदस्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मुकेश, प्रधानाचार्य रामस्वरूप शर्मा, गुलाब राम बारुपाल, जिला मंत्री शेषाराम बारूपाल, ब्लॉक अध्यक्ष हीरालाल चितारा पूर्व जिला मंत्री मंजू मेघवाल, पुनाराम बाल वंशी, मिश्री लाल प्रजापत, गोपाल तंवर जेठाराम बारूपाल, बालूराम ठेकेदार महेश देवड़ा ने संबोधित किया कार्यक्रम में चुन्नीलाल बोस, मदन भाटी, अनिल गोदारा , देवेंद्र सिंह, गिरीश त्रिवेदी, पूनम राम बारूपाल,दिनेश देवड़ा, चंपालाल भाटी, बसंत जोशी,सज्जन सिंह, उदय राज मेवाड़ा, रामलाल पवार, नरेश जोशी, भूराराम बारूपाल ,भीकाराम, अविनाश भाटी सहित अनेक उपस्थित थे

जिला मजिस्ट्रेट अंकित कुमार अग्रवाल ने 7 अभियुक्त किये जिला बदर

सोनू कुमार माथुर

एटा। जिला मजिस्ट्रेट अंकित कुमार अग्रवाल ने तीन यूपी गुंडा एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए सात अभियुक्तों को आगामी 6 माह के लिए जिला बदर किया है। जिला मजिस्ट्रेट के आदेश अनुसार दुष्यंत पुत्र गुरुदयाल निवासी गढ़ी बेंदुला थाना बागवाला, जीतू उर्फ जितेंद्र उर्फ जीते पुत्र कमल सिंह निवासी ग्राम मझराऊ थाना कोतवाली निधौली कला, भगवान सिंह पुत्र बलबीर सिंह निवासी नगला मोहन थाना राजा का रामपुर, देव सिंह पुत्र सुरेश चंद्र कश्यप निवासी ग्राम अगोनापुर थाना अलीगंज, सौरभ ठाकुर पुत्र छविनाथ सिंह निवासी ग्राम पलरा थाना अलीगंज, जसवीर पुत्र श्रीनिवास कठेरिया उर्फ भूरा निवासी ग्राम पलरा थाना अलीगंज, सतेंद्र पुत्र सत्यवीर सिंह निवासी गढ़ी बेंदुला थाना बागवाला जनपद एटा को आगामी 6 माह के लिए जिला बदर किया गया है।

गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने किए बाबा महाकाल के दर्शन

राहुल गांधी समेत कमलनाथ पर किए तीखे प्रहार

पुष्पांजली टुडे

उज्जैन(अर्पित गुप्ता उपसम्पादक)

मध्य प्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा शुक्रवार को बाबा महाकाल का दर्जन करने उज्जैन पहुंचे. जहां गृहमंत्री ने बाबा महाकाल के दर्शन एवं पूजा अर्चना की. इस दौरान गृहमंत्री ने मीडिया से चर्चा करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा. राहुल गांधी द्वारा दुष्कर्म पीड़िता के परिजनों का फोटो पोस्ट करने के मामले पर गृह मंत्री ने कहा कि यह अच्छी बात नहीं है, यह उन्होंने जानबूझकर किया है।

वहीं नरोत्त मिश्रा ने बाढ़ क्षेत्र में रेस्क्यू किए जाने पर कांग्रेस के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस एक दो जगह दिग्विजय सिंह और कमलनाथ को भेजकर देख

ले अच्छा लगेगा. कमलनाथ के बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों का दौरे को लेकर उन्होंने कहा कि बाढ़ का पानी उतर गया है, अब कमलनाथ को दौरा करना चाहिए. वे कोरोना काल में अस्पताल जा नहीं सकते, गरीब लोगों को अनाज दे नहीं सकते, प्रेस वार्ता ले सकते हैं और ट्वीट कर सकते हैं तो करें।

बाबा महाकाल के दर्शन करने पर गृहमंत्री ने कहा कि मैं बाबा महाकाल से प्रार्थना करने आया हूं कि गंगा मैया के रौद्र रुप को शांत करें. उन्होंने प्रदेश की जेलों की हालत पर कहा कि कार्य शुरू कर दिया है, धीरे-धीरे पूरे प्रदेश की जेलों के निर्माण में सुधार किया जाएगा. आर्थिक स्थिति अभी ठीक नहीं है, इसलिए समय लगेगा।

ओझा बने सोजत पंचायत समिति के वित्त एवं कराधान समिति के अध्यक्ष



पुष्पांजली तोड़

सोजत सिटी - भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा पाली जिलाध्यक्ष व सोजत पंचायत समिति उप प्रधान कन्हैयालाल ओझा को सोजत पंचायत समिति के वित्त एवं कराधान समिति के अध्यक्ष बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई इस अवसर पर बिलावास सरपंच डिम्पल सीरवी , सोजत भाजपा शहर मण्डल मंत्री महेश सोनी , सोजत पंचायत समिति सदस्य कविता हरीश कुमार सीरवी , सोजत पंचायत समिति सदस्य अनिल व्यास , ममता सीरवी , भाजपा पाली जिला मंत्री बसती कंवर , भाजपा पूर्व पार्षद राम अवतार भाटी , पार्षद सुनील प्रजापत , प्रियंका धीरज नागौरा , जोगेश जोशी लक्की , राकेश भटनागर , नरपतसिंह राव , भाजपा युवा मोर्चा इकाई मण्डल अध्यक्ष बिजोवा अजय कुमार जैन , चमनराकेश खींची , हिरासिह सांखला , दिपक , राजेंद्र शर्मा , शहीद कुरेशी आदि कार्यकताओं ने खुशी जताई।

पेड़ पौधे धरती का श्रृंगार रामलाल सैणचा

सीरवी किसान छात्रावास सोजत सिटी मे पौधे लगाए

पुष्पाजंली टुडे

पाली ~ सोजत सिटी सीरवी छात्रावास में पौधे लगाए। स्कूल के संचालक शिक्षक किशन लाल ओर समाजसेवी रामलाल सैणचा व उनकी टीम के हाथों से सीरवी छात्रावास पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जिला प्रमुख भीखाराम ने कहा कि पेड़ पौधे होंगे तो मनुष्य स्वस्थ होगा साथ ही पेड़ पौधे धरती माता का श्रृंगार है इस मौके पर श्री आईजी सेवा समीती के संरक्षक रामलाल सैणचा,डॉ.चेनाराम, भूराराम सुरायता, बाबुलाल गेहलोत, बाबुलाल धाकड़ी, अध्यापक किशनलाल , पुर्व उप जिला प्रमुख भीखाराम सहित कई जने मोके पर मौजूद थे ।

तामीलनाडु पॉन ब्रोकर ऐवम ज्वेलर्स एसोसिएशन की मिटीग आईमाता मंदीर मे आयोजित हुई

पुष्पाजंली टुडे, नारायणलाल सैणचा

चैन्नई ~तामिलनाडु पॉन ब्रोकर ऐंवम ज्वेलर्स एसोसिएशन की मिटिंग आज वरिष्ठ राष्ट्रीय महामंत्री व प्रदेशाध्यक्ष स्वामी तेजानन्द कि अगुवाई मे केलमबाक्कम आईमाताजी के मंदिर में हूई जिसमें केलमबाक्कम तिरुपुर पुदुर व आसपास के सभी व्यपारियो ने भाग लिया जिसमें व्यपारियो के हितों के बारे मे जानकारी दी व्यपारियो से आग्रह किया कि आप खुलकर व्यपार करें व सभी के हितों को ध्यान मे रखकर एसोसिएशन के नियमों की पालना करें व अगर किसी व्यपारी पर कोई भी मुसीबत आये तो आप सीधे सबसे पहले अपने क्षैत्रीय प्रभारी को सूचित करें उसके बावजूद भी अगर

समस्या का समाधान नहीं होता तो क्षैत्रीय प्रभारी व पदाधिकारी परिस्थिति और समस्या की गंभीरता के हिसाब से माननीय प्रदेशाध्यक्ष महोदय से सम्पर्क कर सकते है इस मीटिंग में एसोसिएशन के ग्रेटर चेन्नई अध्यक्ष इन्द्रचन्द काग सचिव नेमीचन्द सीरवी व मेडवाक्कम शिवलाल मुख्य अतिथि के रूप इस आमसभा कि अध्यक्षता तामीलनाडु पॉन ब्रोकर ऐवम ज्वेलर्स एसोसिएशन तिरुपोरुर तालुक अध्यक्ष गोवीन्दस्वामी चेटीयार ने कि वह उपाध्यक्ष पुखराज सीरवी, सचिव खेमाराम चोयल, व समस्त एरिया सदस्य मौजूद थें।

गोहद चौराहा पुलिस ने किया वाहन चोर का पर्दाफाश

मोहन मांझी रिपोर्टर, पुष्पांजली टुडे

गोहद-मध्यप्रदेश शासन व पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा विशेष धरपकड़ अभियान संचालित किया जा रहा है जिसके तहत पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुषे के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी पुलिस थाना प्रभारी ने वितरित करने हेतु निर्देशित किया अनुविभागीय अधिकारी नरेंद्र सिंह सोलंकी के निर्देशन में थाना प्रभारी द्वारा ओम प्रकाश मिश्रा के द्वारा कार्रवाई करते हुए अपनी टीम के माध्यम से बाहन चोर का पर्दाफाश किया पुलिस द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार 5 अगस्त 2021 को एसडीओपी गोहद नरेंद्र सिंह सोलंकी के निर्देशन में थाना प्रभारी के आदेशानुसार कनीपुरा मोड़ पर वाहन चेकिंग लगाई चेकिंग के दौरान एक मोटरसाइकिल कनीपुरा तरफ से आई जिसे

फोर्स की मदद से रोक कर चेक किया तो मोटरसाइकिल की आगे की नंबर प्लेट टूटी थी तथा पीछे के नंबर प्लेट पर काले अक्षरों में एमपी30एमएस 5850 लिखा था जो कि उक्त मोटरसाइकिल थाना चौराहा के अपराध क्रमांक 189/21 को चोरी होना पाई गई मोटरसाइकिल चोर से नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम रवि शर्मा पुत्र रामनिवास शर्मा उम्र 20 साल निवासी यादव मोहल्ला वार्ड क्रमांक 13 गोहद भिंड का होना बताया पूछताछ करने पर मोटरसाइकिल मोटरसाइकिल के बारे में जब आरोपी से पूछताछ की गई तो जैन मंदिर गली स्टेशन रोड चौराहा से चोरी करना बताया बाद उक्त मोटरसाइकिल के अपराध मे आवश्यकता होने से जप्त किया गया आरोपी रवि शर्मा पुत्र रामनिवास शर्मा उम्र 20 साल निवासी गोहद को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई उसके द्वारा पूर्व में तीन और मोटरसाइकिल चोरी होना बताया जिससे एक मोटरसाइकिल स्प्लेंडर अपने घर के पीछे छुपा रखी थी एवं अन्य दो मोटरसाइकिल बजाज पल्सर वह हीरो इगनिटर को रेलवे स्टेशन आबकारी गोदाम के पास छुपा रखी है आरोपी रवि को लेकर स्थानों पर चेक की मोटरसाइकिल जप्त किया गया मोटरसाइकिल हीरो हौंडा ड्रीम युगा ,हीरो होंडा स्प्लेंडर , बजाज पल्सर लाल काले रंग की कुल चार बाईक जब्त की उक्त कार्यवाही में सराहनीय कार्य पुलिस टीम निरीक्षक ओमप्रकाश मिश्रा थाना प्रभारी गोहद चौराहा, उप निरी आशीष यादव, सउनि अब्दुलसमीम , अमरदीप, राहुल तोमर,रामकुमार तोमर आदि की रहा।

वन-टू-वन

श्री शक्ति धाम सती माता मंदिर परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम

ब्यूरो पुष्पांजली टुडे

बामौर / श्री शक्ति धाम सती माता मंदिर परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन पंडित अनिरुद्ध कुमार चतुर्वेदी ओम बालाजी ट्रांसपोर्ट कंपनी द्वारा आयोजित किया गया कार्यक्रम में सम्मिलित महंत श्री रामानंद जी पंडित महाराज सिंह शर्मा जी श्रीयोगेश चौहान एवं योगेश शर्मा सुप्रीम इंडस्ट्रीज आसाराम भदोरिया अनिल जैन मनोज गौड़ दीपक पाठक आशुतोष चतुर्वेदी राकेश शर्मा एवं पत्रकार डॉ परमाल सिंह तोमर सभी लोग कार्यक्रम में सम्मिलित रहे सभी ने 2म2 पौधे लगाएं जिसमें मुख्य रुप से बेलपत्र पीपल अशोक अन्य कई प्रकार के पूजा वाले वृक्ष कुआं वृक्षारोपण किया गया।

केवल चार दिन खुलेंगे स्कूल...9वीं-12वीं के छात्रों की कक्षाओं को दो-दो दिन बंटे

भोपाल । कोरोना संक्रमण के दौर के बाद शुरू हुए स्कूलों में एहतियात के तौर पर केवल चार दिन कक्षाएं लगेंगी। इनमें से दो दिन 9वीं-10वीं के छात्रों को बुलाया जाएगा तो दो दिन 11वीं-12वीं के छात्रों की कक्षाएं लगेंगी। इन दो दिनों में शिक्षकों द्वारा 5 दिनों तक छात्रों के लिए होमवर्क दिया जाएगा और दो दिनों में उनकी समस्याओं का निराकरण करते हुए अगली पढ़ाई कराए जाएगी। कोरोना संक्रमण कम होने पर प्रदेश सरकार ने पहले 11वीं-12वीं और गुरुवार से 9वीं-10वीं की कक्षाएं शुरू कर दी हैं। सरकारी स्कूलों के साथ निजी स्कूलों में छात्रों की चहल-पहल दिखाई दी। स्कूल पहुंचने पर शिक्षकों और छात्रों ने कोरोना गाइड लाइन का पालन किया। हाईस्कूलों में गुरुवार को 10वीं की कक्षाएं लगाई गईं। शहरी के साथ ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों में भी अच्छी उपस्थिति दर्ज की गई। क्षमता के हिसाब से 50 प्रतिशत ही बच्चों को बुलाया गया है। छात्रों से पालकों का अनुमति पत्र मांगा जा रहा है। वहीं शहर के कई सीबीएसई स्कूल भी खुल गए हैं। स्कूल बसें भी शुरू हो गई हैं। बसों में बैठकर बच्चे स्कूल पहुंचे। काफी समय बाद सड़कों पर स्कूल बसें दिखाई दीं। अतिरिक्त जिला परियोजना अधिकारी नरेंद्र जैन ने बताया कि जिले में 69 सरकारी हाईस्कूल हैं, जहां गुरुवार से 10वीं की कक्षाएं प्रारंभ हुईं। हमने हाईस्कूलों के लिए अलग से टाइम टेबल तय किया है, जिसमें सोमवार और गुरुवार को कक्षा 10वीं और मंगलवार तथा शुक्रवार को कक्षा 9वीं के छात्र स्कूल बुलाए जाएंगे। साथ ही प्राचार्यों को भी कहा गया है कि जिन हायर सेकंडरी स्कूलों में पर्याप्त जगह है, वे कक्षा 11वीं-12वीं के साथ कक्षा 9वीं व 10वीं के छात्रों को भी बुला सकते हैं।

बिजली कम बिल आ रहा अधिक, कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

भोपाल । किसानों को समय पर बिजली नहीं मिल पा रही है। पर्याप्त आपूति नहीं होने से किसान परेशान हैं लेकिन बिल पहले से अधिक आ रहे हैं। कांग्रेस ने यह आरोप लगाते हुए बिजली कंपनी के दफ्तर पर प्रदर्शन किया। फंदा ब्लॉक के कांग्रेस नेताओं ने मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के रातीबड़ स्थित कार्यालय पर प्रदर्शन किया। फंदा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विनोद राजौरिया एवं वरिष्ठ नेता राजेंद्र मंडलोई ने इस मौके पर कहा कि सरकार किसानों के हित में निर्णय लेने के बजाय उन्हें परेशान कर रही है। कोरोना काल में किसानों को बेहद परेशानी उठानी पड़ी। सरकार को कोरोना काल के बिल माफ करने चाहिए, लेकिन बिल पहले से भी अधिक आ रहे हैं। कभी भी बिजली गुल हो जाती है। प्रर्दशन के दौरान अनोखी मानसिंह, रामसिंह वर्मा, रामभरोसे राठौर एवं राजेश राजपूत सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे। नारेबाजी करते हुए किसानों को राहत देने की मांग की गई। बैरागढ़ में कांग्रेस ने एफ वार्ड स्थित बिजली कंपनी के कार्यालय पर भी प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि बिजली के बढ़े हुए बिल आने से नागरिकों को परेशान होना पड़ रहा है। बिजली दरें कम करने एवं बिलों में सुधार की मांग को लेकर गत दिवस राजधानी में आयोजित प्रदर्शन में भी स्थानीय नेताओं ने भाग लिया। प्रदर्शन में शामिल होने के बाद कार्यकर्ता बिजली कंपनी के बैरागढ़ स्थित कार्यालय पर एकत्रित हुए। यहां अधिकारियों को ज्ञापन देकर बिलों में सुधार की मांग की गई। इस दौरान पूर्व पार्षद अशोक मारण, ब्लाक अध्यक्ष नानक चंदनानी, महेश गुरबानी, अशोक मोतियानी, घनश्याम लालवानी एवं राजेश लीलानी आदि मौजूद थे।

बाढ में बहे 4 दिन से लापता युवको का कोई सुराग नही आखिर जिम्मेदार कौन, पुलिस, शासन या प्रशासन

ग्वालियर जिले के मोहना नगर मे 4 दिन पहले पानी के तेज बाहब मे कार बह गई थी जिसमे दो दोस्तों की मौत होगयी एक युवक का तो शव मिल गया लेकिन हेमंत शिवहरे का शव 4 दिन बीत चुके है लेकिन अभी तक युवक को ढूढ़ नहीं पाई पाई शासन प्रशासन इसमें मोहना पुलिस ब रेवेन्यू विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आयी हेमंत के परिजनों का यह कहना है की घटना होने ब दो युवक के बह जाने का पुलिस को पता होने पर भी शासन प्रशासन ने यह बात 4 दिन तक छुपाई गौर करने वाली बात तो यह है की अगर बेरीकेट लगे तो पुलिस ब किसी अन्य अधिकारी ने गाड़ी रोकी क्यों नहीं मामला साफ है दिखाई दे रहा शासन प्रशासन की लापरवाही की बजह से आज मोहना के दो घरो के चिराग बुझ गए मृतक के परिजन फूट फूट कर यह कह रहे है की आपकी पुलिस का कोई जवान एक बार तो बता देते हम तो खुद ढूढ़ ने चले जाते पानी मे लेकिन अपने यह बात छुपाई क्योंकि साथ ही शासन प्रशासन को यह चेतावनी दी है कि अगर कोई वरिष्ठ अधिकारी या मंत्री नहीं आ जाता तो चक्का जाम करेंगे। आज चौथे दिन जल संसाधन एवं मतस्य विभाग एवं प्रभारी मंत्री ग्वालियर तुलसी सिलावत मोहना पहुंचे एवं हाल चाल जाना, लेकिन फिर भी आज 4 दिन तक वाडी नहीं मिली है परिजनों ने पुलिस की लापरवाही की षिकायत प्रभारी मंत्री से की है देखना यह होगा कि आखिर जिससे चूक हुई है उसे दण्ड मिलेगा या नहीं ।

आखिर जिम्मेदार कौन पुलिस , शासन या प्रशासन

इनका कहना है-

इस संकट में पूरी सरकार आप लोगों के साथ खडी है मृतक के परिवारों को 4-4 लाख लाख रूपये दिये जाऐगें, वहीं पुलिस या प्रषासन की चूक की उचित जांच कराई जाएगी जो दोषी होगा उचित कार्यवाही की जाएगी।

- तुलसीराम सिलावट प्रभारी मंत्री ग्वालियर

आज चार दिन से मेरे भतीजे हेमंत षिवहरे की वाडी नहीं मिली, न ही हमको प्रषासन का सहयोग मिल रहा है, इसमें मोहना थाने की पूरी जिम्मेदारी है यहां के जवानों ने पहले ही वेरिकेटस लगाये होते तो हादसा नहीं होता, पुलिस ने पानी में गाडी वहने की सूचना हमको नहीं दी, न ही वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी, मैने सरकार से मांग की है मोहना थाना पुलिस को सस्पेंड किया जाऐ नही तो हम फिर से चक्काजाम करेंगें-

विष्णु षिवहरे मृतक का चाचा

यहां के स्थानीय नागरिकों द्वारा हमें लापरवाही बरतने की कहा गया है लेकिन हेमंत के परिजनों ने मुझे 12 बजे सूचना दी थी जबसे ही हम लोग लगातार सर्चिंग कर रहे है-

संजीव खेमरिया एस डी एम घाटीगांव

दिखने लगे बाढ़ के जख्म

अंबाह के 4 गांवों में फंसे 700 लोग एनडीआरएफ ने बचाए, सामान

गौरव शर्मा, पुष्पांजली टुडे

चंबल नदी का जलस्तर घटने लगा है। राजघाट पर नदी 144.70 मीटर से घटकर 143.1 मीटर पर आ गई। हालांकि अभी भी कोटा बैराज से लगातार 13 हजार 500 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है लेकिन इससे चंबल के जलस्तर में कोई खास असर नहीं पड़ेगा। इधर अंबाह क्षेत्र में चंबल नदी के पानी से घिरे 4 गांवों रामगढ़, इंद्रजीत का पुरा, चुसलई, सुखध्यान का पुरा तथा रतनबसई में फंसे 250 से अधिक परिवारों के करीब 700 लोगों को एनडीआरएफ की टीमों ने रेस्क्यू कर सुरक्षित जगह पर पहुंचाया। इनमें बहुत संख्या में 2 से 10 साल की उम्र के बच्चे भी शामिल थे।

उधर, अंबाह में राहत कैंप में ठहरे एक वृद्ध ने यह सुनते ही दम तोड़ दिया कि उसकी घर की छत पर रखा सामान बाढ़ में बह गया है। वहीं जौरा के सिमरौदा गांव में आंधी रात को एक झोपड़ी गिरने से वृद्ध महिला की मौत हो गई, जबकि उसका पति जख्मी हो गया आधी रात को मकान की दीवार ढही, महिला की मौत, पति और बेटा घायल

जौरा। लगातार हो रही बारिश की वजह से सिमरौदा गांव में एक मकान की दीवार ढह गई। इस दौरान घर के अंदर सो रही बैकुंठी रावत (56) की दबने से मौत हो गई। उनके पति मोतीलाल रावत (58) तथा 22 साल का बेटा जख्मी हो गया। दोनों घायलों को जौरा अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

रानी पंचायत समिति स्थायी समितियो के चुनाव हुए संपन्न

पुष्पांजली टुडे

रानी। पाली/रानी पंचायत समिति के विभिन्न कमेटियों के चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए। रानी पंचायत समिति विभिन्न कमेटियों के चुनाव में एक बार फिर बाल श्रम बोर्ड के भूतपूर्व उपाध्यक्ष भारत सरकार शिशुपाल सिंह राजपुरोहित निंबाड़ा ने अपना परचम लहराया। बीते पंचायत राज संस्थाओं के आम चुनाव मैं मात्र कांग्रेस पार्टी के दो प्रत्याशी एवं एक निर्दलीय प्रत्याशी के समर्थन से पूर्ण बहुमत पार्टी से सत्ता छीन कर उप प्रधान की कमान कांग्रेस के हाथ रही। रानी पंचायत समिति के विभिन्न कमेटियों के चुनाव में चाणक्य नीति अपनाते हुए मात्र 2 सदस्य और एक निर्दलीय के सहारे चारों कमेटियों में अपने अध्यक्ष बनाए गए। प्रशासन एवं स्थापन के अध्यक्ष रानी पंचायत समिति प्रधान श्याम कंवर मेड़तिया। वित्त एवं कराधान शीला सिंह राजपुरोहित उप

प्रधान पंचायत समिति रानी। शिक्षा दीपिका कवर पंचायत समिति सदस्य रानी। विकास एवं उत्पादन कार्यक्रम इंद्र सिंह पंचायत समिति सदस्य रानी। ग्रामीण जल प्रदाय स्वास्थ्य एवं स्वच्छता सहित सामाजिक सेवाएं एवं सामाजिक न्याय रानी पंचायत समिति के निर्दलीय प्रत्याशी वार्ड संख्या दो से विक्रम कंवर राणावत को अध्यक्ष बनाया गया।

युवा समाजसेवी गौरव शर्मा बने विश्व ब्राह्मण महापरिषद के जिलाध्यक्ष

ब्यूरो पुष्पांजली टुडे

भिंड- विश्व ब्राह्मण महापरिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सागर पांडे जी एवं राष्ट्रीय महासचिव डॉ एके दुबे जी की अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष अवधेश कुमार शर्मा जी द्वारा गौरव युवा समाजसेवी गौरव शर्मा को भिंड जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है इस दौरान कई सामाजिक बंधुओं द्वारा उन्हें बधाई दी गई बधाई देने वालों में दिनेश कुमार राजोरिया,अभिषेक शुक्ला, नितेश भारद्वाज, मुकेश दीक्षित, वैभव दुबे, वीरेंद्र शर्मा द्वारा शुभकामनाएं दी गई इस दौरान गौरव शर्मा जी ने कहा की संगठन द्वारा समाज हित में जो भी कार्य किए जाएंगे इसमें पूर्ण निष्ठा से सहयोग करेंगे एवम संगठन को आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे।

कराडी पर्यावरण संरक्षण हरियालो राजस्थान अभियान में पौधा रोपण कर किया शुभारंभ

पुष्पांजली टुडे

पाली / मारवाड़ ब्लाक के ग्राम पंचायत कराडी पर्यावरण संरक्षण हरियालो राजस्थान अभियान के तहत ग्राम पंचायत स्तर पर रामदेव गौशाला खेल मैदान सीरवी समाज श्मशान भूमि राजकीय विद्यालय परिसर धार्मिक स्थलों पर 500 वृक्ष लगाए गए । कराडी सरपंच भंवरलाल ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण एवं हरियालो राजस्थान के अभियान में वृक्षारोपण किया गया। कोराना काल में ऑक्सीजन की कमी को देखते हुए प्रदेश भर में वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है। इसी संदर्भ में कराडी ग्राम पंचायत स्तर पर अलग-अलग स्थानों पर वृक्षारोपण किया गया और प्रत्येक वृक्ष की देखभाल करने की आमजन को शपथ दिलाई गई। वृक्ष ही हमारी मुख्य जान हैं और इनकी रक्षा करना हमारी पहली प्राथमिकता रहेगी।

ग्राम विकास अधिकारी मोहनलाल परिहार ने बताया कि वृक्ष का महत्व के बारे में वर्णन तो नहीं कर सकते लेकिन प्रकृति वृक्ष के ऊपर ही निर्भर हैं। वृक्ष मानव का प्रमुख अंग माना जाता है।वृक्षारोपण करने से हम ऑक्सीजन की कमी को पूरा नहीं कर सकते लेकिन हर व्यक्ति को संकल्प के साथ प्रत्येक वर्ष एक वृक्ष लगाने की प्रेरणा ले तो आने वाले समय में प्रकृति के साथ खिलवाड़ भी नहीं होगी और ऑक्सीजन की कमी महसूस नहीं होगी । परिहार ने पर्यावरण संरक्षण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सभ्यता को विनाश से बचाने हेतु पर्यावरण संरक्षण अति आवश्यक है। और पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षारोपण पर अधिक से अधिक जोर देना होगा। वृक्ष धरती मां का श्रृंगार है। हम सबको इस पुनीत कार्य में सहयोग करना होगा। वृक्षारोपण को हमें एक आंदोलन के रूप में लेने की आवश्यकता है।कराडी पंचायत प्रशासन ने बताया कि लगाए गए 500 वृक्षों की देखभाल करना हमारी प्राथमिकता रहेगी और हमने संकल्प के साथ वृक्षारोपण किया और प्रत्येक वृक्ष की देखभाल करके वृक्षों को सुरक्षित रखने का पूरा प्रयास किया जाएगा।

वह इस मौके पर सरपंच भंवरलाल ग्राम विकास अधिकारी मोहनलाल परिहार ग्राम रोजगार सहायक कालूराम उप सरपंच पंचायत सहायक दिलीप सिंह सहित पंचायत प्रशासन जनप्रतिनिधि गणमान्य ग्रामीण मौजूद रहे।

दतिया जिले के कई गांव बाढ़ की चपेट में आ जाने से लोंगो का जीवन दूभर हो गया है

सनातन धर्म गौ रक्षा प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं ने किया राहत सामग्री का वितरण

विवेक सैन रिपोर्टर, पुष्पांजली टुडे

दतिया जिले के इन्दरगढ़ तहसील के कई गांव बाढ़ में बर्बाद हो चुके हैं ऐसे कठिन समय में ÷नर सेवा ही नारायण सेवा है÷ इस वाक्य को धरातल पर चरितार्थ किया ÷सनातन धर्म गौ सेवा प्रकोष्ठ÷ के कार्यकर्ताओं ने उन्होंने बुधवार और गुरुवार को बाढ़ पीड़ित गांवो लांच,विलासपुर ,खौरोना,अंडऔरा आदि गांवो में राहत,सामग्री,भोजन और अन्य आवश्यक चीजो का

वितरण किया।और सभी कार्यकर्ताओं द्वारा सभी ग्रामीणों को आश्वाशन दिया गया कि किसी भी समस्या के वक्त उनके साथ हमेशा खड़े है किसी को घबराने की जरूरत नही है।

इस जन सहयोग में सनातन रक्षा दल के प्रदेश संगठन मंत्री एवं सभी कार्यकर्ताओं निधि सागर, नवीन कुशवाहा, शिवम गुप्ता विनोद यादव, आनंद यादव, जैकी यादव, सुनील सेन, गौरव शर्मा सुरेन्द्र गुप्ता, पुष्पेंद्र यादव, रानू यादव, अंकित यादव, राजकुमार यादव, अंकुश एवं जिला मीडिया प्रभारी विवेक सेन आदि सभी ने मिलकर सहयोग किया....

इस जनसहयोग के कार्य मे से शासकीय प्राथमिक विद्यालय तालपुरा के प्रधनाध्यापक श्री चौहान जी एव उनके समस्त स्टाफ एवं तहसील स्टाफ द्वारा द्वारा भी सहयोग प्रदान किया गया। इस पुनीत कार्य मे .....

वन-टू-वन

लोकायुक्त ने रिश्वत लेते बाबू दबोचा

ग्वालियर। ब्रेकिंग लोकायुक्त पुलिस ने अभी अभी आदिम जाति कल्याण विभाग के एक बाबू को दो हजार रूपये की रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों पकडा है। यह बाबू राकेश गुप्ता आदिम जाति कल्याण विभाग में छात्रवृत्ति सेक्शन के लिये डिजीटल सिग्रेचर एप्रूव के 2 हजार रूपये की रिश्वत हितग्राही से लेता था। लोकायुक्त पुलिस की इस पर काफी दिनों से नजर थी। लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक संजीव सिन्हा के बाबू राकेश गुप्ता ने एक हितग्राही सुशील कुमार से उसकी छात्रवृत्ति के लिये डिजीटल सिग्रेचर कराने के लिये जैसे ही दो हजार रूपये लिये, तभी पहले से तैयार खडी लोकायुक्त टीम ने उसे दबोच लिया। लोकायुक्त टीम में राघवेन्द्र रिशीश्वर व उनके साथी शामिल थे। अभी कार्रवाई जारी है।

महिला से सामूहिक दुष्कर्म

ग्वालियर। जिले के बिजौली थाना क्षेत्र में स्थित हसनपुरा निवासी एक महिला के साथ शराब के नशे में धुत दो युवकों ने दुष्कर्म कर डाला। पुलिस ने आरोपियों की तलाश प्रारंभ कर दी है ।जानकारी के अनुसार बिजौली थाना क्षेत्र के हसनपुर निवासी एक महिला बीते रोज बाजार से आ रही थी तभी रास्ते में उसके गांव के रहने वाला अरविंद जाटव और नारायण जाधव शराब के नशे में धुत मिले। दोनों युवकों ने महिला को पकड़ लिया गया और जब उन्होंने उसे मंदिर में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। किसी तरह महिला उनके चुंगल से भागी उसके बाद थाने पहुंचकर पुलिस को आपबीती सुनाई ।पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

सूने फ्लैट से तीन लाख का माल चोरी

ग्वालियर। शहर के जनकगंज थाना क्षेत्र में स्थित एक सूने फ्लैट से चोर नगदी गहने सहित तीन लाख का माल चोरी कर ले गए। पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू कर दी है । जानकारी के अनुसार जनकगंज थाना क्षेत्र में स्थित साई कृपा अपार्टमेंट में रहने वाले संतोष सोनी बीते रोज अपनी पत्नी के साथ कहीं बाहर गए थे ।तभी चोरों ने उनके सूने फ्लैट के ताले चटका दिए और घर से 27 हजार की नगदी तथा सोने-चांदी के गहने सहित तीन लाख का माल चोरी कर ले गए ।वहीं इंदरगंज थाना क्षेत्र में सुमित के मकान से चोर लैपटाप तथा मोबाइल उठा ले गए। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

ग्वालियर। शहर की झांसी रोड थाना पुलिस ने एक नाबालिग को अपने साथ भगा ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार झांसी रोड थाना क्षेत्र के नाका चंद्रबनी निवासी 15 साल की एक किशोरी बीते रोज लापता हो गई थी। जांच में पता चला कि गोलू नामक युवक उसे बहला कर अपने साथ भगा ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

छात्रा से दुष्कर्म

ग्वालियर। शहर कंपू थाना क्षेत्र में स्थित अवाड़पुरा से करीब 20 दिन पहले पड़ोस में रहने वाला एक युवक 15 साल की किशोरी को अपने साथ भगा ले गया और उसे जबरन अपनी पत्नी बनाया और उसके साथ दुष्कर्म किया ।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार कंपू थाना क्षेत्र के अवार्ड पुरा निवासी 15 साल की कक्षा दसवीं की छात्रा कि अपने पड़ोसी इरफान नामक युवक से दोस्ती थी। 20 दिन पहले इरफान उसे अपने घर से भगा ले गया और दोस्त के घर ले जाकर छात्रा को बिछिया पहनाए और कहा कि व उसकी पत्नी हो गई है । इसके बाद उसके साथ दुष्कर्म किया बाद में एक अन्य दोस्त के घर ले गया ।वहां पर भी उससे दुष्कर्म किया। छात्रा ने जब शादी करने को कहा तो युवक उसे घर के दरवाजे पर छोड़ कर भाग गया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

मोहना में उफनती पार्वती नदी के बहाव में बहे एक मजदूर का शव मिला

ग्वालियर। ग्वालियर के मोहना में पार्वती नदी का पानी उतरते ही एक शव नहर में उतराता मिला है। शव पास ही चराई गांव के एक मजदूर का है। न तो यह जिला प्रशासन के मृत की सूची में था न ही रेस्क्यू कर राहत कैंप पहुंचाने वाले रिकॉर्ड में इसका नाम था। इसका शव मिलने के बाद नदी के बहाव में बहकर डूबने का पता चला है। तीन दिन पहले काम पर जाने की कहकर मृतक घर से निकला था। तभी से उसका कुछ पता नहीं था। परिवार के लोग भी गांव में नदी के चढ़ने पर अपनी जान बचाकर बैठे थे। मोहना थाना पुलिस ने शव को निगरानी में लेकर मर्ग कायम कर लिया है। 3 दिन पहले मोहना पुल पर कार सहित बहे दो दोस्तों में से एक का शव अभी तक नहीं मिला है।

मोहना थाना पुलिस को शुक्रवार सुबह सूचना मिली थी कि मोहना के चराई गांव में पार्वती नदी की नहर में एक शव उतराता हुआ देखा गया है। जिस पर थाना प्रभारी मोहना महेश शर्मा तत्काल टीम के साथ नहर पहुंचे और शव को बाहर निकलवाया। पहले पुलिस को लगा कि यह शव मोहना में तीन दिन पहले बहे दो दोस्त में से एक का होगा। क्योंकि हेमंत शिवहरे का शव अभी तक नहीं मिला है। पर शव को निगरानी में लेने के बाद पता लगा कि यह हेमंत नहीं है। आसपास पड़ताल करने पर मृतक की पहचान चराई गांव निवासी 50 वर्षीय लच्छीराम पुत्र रतन सिंह आदिवासी के

रूप में हुई है। मृतक के बारे में पता लगा है कि वह मजदूर है। तीन दिन पहले जब मोहना में पार्वती नदी उफनी थी तब वह सुबह घर से काम पर जाने की कहकर निकला था। तभी से वह लापता था और परिजन ने शाम को उसके नहीं लौटने पर छानबीन की। इसके बाद नदी के पानी ने गांव में बाढ़ के हालात पैदा कर दिए। लच्छीराम के परिजन खुद जान बचाने टापू पर चढ़ गए। तीन दिन बाद उसका शव चराई गांव की नहर में उतराता मिला है। पुलिस ने शव को निगरानी में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। पुलिस अफसरों का मानना है कि तीन दिन पहले मतलब 3 अगस्त को अचानक मोहना में पार्वती नदी का जल स्तर बढ़ने पर वहां बाढ़ के हालात बन गए थे। उसी समय लच्छीराम आदिवासी बहाव की चपेट में आकर बह गया होगा। अब जब पानी उतरा है तो उसका शव फूलकर ऊपर आ गया है।

दो दोस्त डूबे थे एक का अभी तक नहीं पता: इसी दिन 3 अगस्त को मोहना में पानी का बहाव तेज होने और पुलिया के ऊपर से पानी गुजरने को देखने निकले मोहना बाजार निवासी दो दोस्त हेमंत शिवहरे और मोनू राठौर भी बहाव की चपेट में आकर बह गए थे। मोनू का शव 4 अगस्त की दोपहर कार सहित पुलिया के पास मिल गया था, लेकिन हेमंत का अभी तक कुछ पता नहीं है।

ऐसे और भी हो सकते हैं लापता

नदियों का पानी गांव और कस्बों से उतरने के बाद यह पहला शव है जो मिला है। यह वह मौत है जो किसी रिकॉर्ड में नहीं थी। जैसे-जैसे पानी उतर रहा है। आशंका है कि इस तरह के और अनजान शव मिल सकते हैं। क्योंकि कई लोग लापता हैं।

अपर आयुक्त ने किया बीट आधारित सफाई व्यवस्था का निरीक्षण

ग्वालियर। शहर की साफ सफाई व्यवस्था के सुदृणीकरण के लिए निगमायुक्त श्री शिवम वर्मा द्वारा पुनः प्रारंभ कराई गई बीट सफाई व्यवस्था का निरीक्षण आज अपर आयुक्त श्री संजय मेहता द्वारा किया गया तथा आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। निगमायुक्त श्री शिवम वर्मा द्वारा शहर की सफाई व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी एवं आमजनों के लिए सुविधाजनक बनाने हेतु बीट व्यवस्था पुनः प्रारंभ की है, जिसमें सभी वार्डों में विभिन्न क्षेत्रों की बीट बनाई गई हैं तथा सभी बीटों में कर्मचारियों की जिम्मेदारी निर्धारित की गई तथा संबंधित कर्मचारी के बारे में संबंधित क्षेत्र में भी जानकारी प्रसारित की गई है। इसी व्यवस्था को प्रभावी रुप से प्रारंभ किए जाने हेतु अपर आयुक्त श्री संजय मेहता द्वारा विभिन्न वार्डों में बीट आधारित सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया तथा आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित क्षेत्र के डब्ल्यूएचओ एवं सहायक स्वास्थ्य अधिकारी को दिए गए। अपर आयुक्त श्री मेहता द्वारा वार्ड क्रमांक 54 स्थित जवाहर कॉलोनी में, वार्ड 46 स्थित गणेश कॉलोनी एवं वार्ड 24 स्थित थाटीपुर सुरेश नगर सहित अन्य विभिन्न क्षेत्रों में बीट व्यवस्था का निरीक्षण किया।





स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478